


उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, गुरुवार, 02 मई, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 281 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08




अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप टीम का ऐलान किया, 8 आईपीएल खिलाड़ियों को जगह

बरेली सहित पूरे उत्तरप्रदेश में टीबी के रोगियों को दवा की भारी किल्लत

शाट सर्किट से इंदिरा मार्केट में कपड़ों की तीन दुकानों में लगी आग


बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित


# फिलीपींस में पानी के नीचे से निकला 300 साल पुराना शहर

## सूखे के कारण दिखने लगे बहुत सारे घर,नजारा देख सब हैरान

मनीला (एजेंसी)। फिलीपींस में इस समय भीषण गर्मी का कहर देखा जा रहा है। गर्मी कितनी खतरनाक है उसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि यहां के बांध भी सूखने लगे हैं। फिलिपींस के एक प्रमुख बांध का पानी सूखने के कारण 300 साल पुरानी बस्ती एक बार फिर उभर आई हैं। राष्ट्रीय सिंचाई प्रशासन के पर्यवेक्षक इंजीनियर मार्लोन पलाडिन ने कहा कि कई महीनों तक बारिश नहीं हुई है। इस कारण मार्च में नुएवा एसिजा प्रांत में पेंटाबांगन बांध का पानी सूखने लगा। इस कारण अब एक चर्च, मकबरा और इक कस्बे का हॉल समेत प्रमुख संरचनाएं दिखाई देने लगी हैं। इस कस्बे का नाम पेंटाबंगन है। 1970 के



दशक में जब बांध बनाया गया तो यह जलाशय के कारण पानी के नीचे जूब गया। लेकिन इस समय देश के लगभग आधा हिस्से सूखे की चपेट में है। इस कारण बांध का जल स्तर भी नीचे हो गया। फिलीपींस सरकार की मौसम एजेंसी के आकड़ों के मुताबिक 30 अप्रैल को यह स्तर सामान्य से 50 मीटर कम था। पलाडिन ने आगे कहा, बांध बनने के बाद यह छठी बार है जब यह शहर एकबार फिर दिखने लगा है। लेकिन इस बार यह सबसे लंबे समय तक दिख रहा है। जब भी पानी जलस्तर नीचे जाता है, तो यह वीरान शहर एक टूरिस्ट स्पॉट बन जाता है। दक्षिण पूर्व एशिया के ज्यादातर हिस्सों की तरह फिलिपींस में भी पिछले कई हफ्तों से भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है।

शाह बोले-

# कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक से मतलब

- कोरबा में कहा-रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दुत्कार दिया, इनका एक मंत्र बार-बार झूठ बोलो

**कोरबा (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में हुई जनसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करनी है। उसे सिर्फ मॉइनोरिटी से मतलब है। उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन उन्होंने दुत्कार दिया। शाह ने कहा कि कांग्रेस का सिर्फ एक ही मंत्र है, झूठ बोलो, बार- बार बोलो। अब कहती है कि मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे। 10 साल पूर्ण बहुमत की सरकार थी, खत्म की धारा-370, आतंकवाद और नक्सलवाद। जब तक भाजपा का एक भी सांसद है आरक्षण खत्म नहीं होने देगा। कोरबा लोकसभा की 8 विधानसभा सीटों में से 6 पर बीजेपी के विधायक हैं।



मनेंद्रगढ़, भरतपुर-सोनहत, बैकुंठपुर, मरवाही में बीजेपी का कब्जा होने के बाद भी यहां के कार्यकर्ता बिखरे हुए हैं। वहीं, रामपुर और पाली-तानाखार में बीजेपी की स्थिति पहले से ही कमजोर है। मोदी जी ने कई महत्वपूर्ण फैसले किए। आप बताओ कश्मीर हमारा है या नहीं है। खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना है खड़गे साहब आप 80 पार कर गए, लेकिन देश को नहीं जान पाए। कोरबा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। आप बताएं धारा 370 हटानी चाहिए थी या नहीं। कांग्रेस 70 साल से इसे बच्चे की तरह गोदी में खिलाती रही। 70 सालों बाद आप देश का तिरंगा वहां लहराता है। जब संसद में मैं 370 हटाने का बिल लेकर खड़ा हुआ तो राहुल बाबा कहते हैं कि मत हटाओ खून की नदियां बह जाएंगी। 4 साल हो गए, किसी की पत्थर भी चलाने की हिम्मत नहीं हुई।

संक्षिप्त समाचार

## झंझारपुर में बोले नीतिश-नरेंद्र मोदी को फिर पीएम बनाना है

- लालू यादव-राबड़ी और तेजस्वी को घेरा

**मधुबनी (एजेंसी)।** सुपौल में सीएम नीतिश ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लड़कियों को आगे बढ़ाने का काम किया है। 2005 से पहले कितनी बुरी



स्थिति थी। याद कर के ही आदमी डर जाता है। इन लोगों ने मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं किया। चुनाव के समय वोट मांगने आ जाते हैं। हम लोगों ने आपके मदरसों को मान्यता दी। आपके शिक्षकों को सरकारी वेतन दिया। ये लोग हिंदू-मुस्लिम में झगड़े करवाते थे। सीएम ने आगे कहा कि हमें भूलिएगा मत। इधर-उधर वोट मत दीजिएगा। बोलते हैं इन्होंने नौकरी दी है। इन लोगों ने कोई नौकरी दी है। हम लोगों ने सब काम किया। ये लोग उसका गुणगान गाते हैं। इससे पहले सीएम ने झंझारपुर के लोकही में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम बिहार में 40 और देश में 400 से ज्यादा सीट जीतने वाले हैं। मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे।

## हिमाचल में कांग्रेस कैंडीडेट के खिलाफ धरती पुत्र का नारा

- परमार बोले-17 विधानसभा में नहीं मिला कोई नेता

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल की कांगड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस हाईकमान ने बीजेपी के ब्राह्मण प्रत्याशी का तोड़ आनंद शर्मा को मैदान में उतारकर निकाला है। कांगड़ा संसदीय हलके से कांग्रेस ने शिमला से संबंध रखने वाले आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि बीजेपी ने लोकल नेता राजीव भारद्वाज को टिकट दे रखा है। अब दो ब्राह्मण नेताओं में टक्कर है। यह पता चार जून को चलेगा कि कांगड़ा के लोकल ब्राह्मण नेता का पलड़ा भारी रहता है या फिर आनंद



शर्मा को जनता लोकसभा में भेजती है। कांग्रेस-भाजपा नेताओं की माने तो कांगड़ा में लगभग 24 प्रतिशत ब्राह्मण वोट है। इस पर सेंध लगाने के लिए बीजेपी के बाद कांग्रेस ने भी ब्राह्मण नेता पर दांव चला है। हालांकि पूर्व में कांग्रेस कांगड़ा से सीटिंग एमएलए आरएस बाली को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही थी। मगर वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे। आरएस बाली ने कांग्रेस हाईकमान को भी एक भी पत्र भेजा था, जिसमें कहा गया कि सर्वे में उनका नाम आगे बताया जा रहा है। वह विधायक के तौर पर नगरोटा बगवां की जनता की सेवा करना चाहते हैं। यदि उन्हें टिकट दिया गया तो उनकी भी राय ली जाए। आरएस बाली को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी मनाने की कोशिश की।

टूट रहे सारे रिकॉर्ड

# घर से निकलना होगा मुश्किल

## पारा 47 के पार, डरा रही है आईएमडी की भविष्यवाणी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अप्रैल के महीने में इस बार कई राज्यों में ऐसी गर्मी पड़ी जिसके बाद कई वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत में औसत तापमान 51 वर्षों में अप्रैल महीने में सबसे अधिक रहा। पिछले कुछ दिनों में भारत के तीन बड़े शहरों - बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में गर्मी के रिकॉर्ड टूट गए। पूरे दक्षिण में अप्रैल महीने के दौरान लगभग 37.2 डिग्री सेल्सियस का औसत अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। यह भी एक रिकॉर्ड है। आईएमडी के आंकड़ों से पता चलता है कि बेंगलुरु में अप्रैल महीने में अब तक की सबसे अधिक गर्मी पड़ी। अप्रैल महीने की आखिरी तारीख को पहली बार मंगलवार पारा 47 डिग्री के पार चला गया। बंगाल के कलाईकुंडा में तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10.4 डिग्री अधिक था, और झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा कलाईकुंडा, पानागढ़ (बंगाल) और बालासोर (ओडिशा) में तापमान सामान्य से 10 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। आईएमडी के डेटा से पता चलता है कि मध्य भारत के अंतर्गत आने वाले ओडिशा लगातार 16 दिनों से लू की चपेट में है। राज्य में सबसे लंबे समय तक लू चलने का रिकॉर्ड 26 दिनों का है, जो 1998 में दर्ज किया गया था। पूर्वी भारत में अप्रैल में मौसम में आए बदलाव के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है। बंगाल, झारखंड और बिहार में भीषण



गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को कोलकाता (दमदम) में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो अप्रैल में सबसे अधिक तापमान था।

## केरल में हीटस्ट्रोक से 4 मौतें, हाल हो रहा बेहाल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केरल में तेज गर्मी और हीटस्ट्रोक के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है। केरल की हेल्थ मिनिस्टर ने स्थिति को लेकर हाईलेवल मीटिंग बुलाई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा में मंगलवार को तापमान 47.2 डिग्री दर्ज किया गया है। ये सामान्य से 10.4 डिग्री ज्यादा था। गुजरात के अलावा इन सभी राज्यों में मई के पूरे महीने में हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, मध्य प्रदेश में लू से काफी हद तक राहत रहेगी। तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, असम और त्रिपुरा में उमस भरी गर्मी का भी अनुमान जताया गया है। असम, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अनुमान है।

# मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की हो गई मौत

## दावा-गैंगस्टर को अमेरिका में गोलियां मारी गईं, डल्ला-लखबीर ने ली जिम्मेदारी

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत हो गई। एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार (30 अप्रैल) शाम 5.25 बजे गोल्डी बराड़ को गोलियां मारी गईं। गोल्डी बराड़ अपने एक साथी के साथ घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान कुछ बदमाश आए और गोलियां मारकर भाग गए। एक चैनल को अमेरिकी पुलिस अधिकारी लैसली विलियम्स ने बताया कि 2 व्यक्तियों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जिसमें से एक की मौत हो चुकी है। बराड़ के विरोधी गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। दोनों ने दावा किया है कि गोल्डी पर उन्होंने दुश्मनी के चलते गोलियां चलवाई हैं। फिलहाल लॉरेंस या अन्य किसी भी गैंगस्टर की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गोल्डी बराड़ पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला है। उसका जन्म साल 1994 में हुआ, माता पिता ने सतविंदर सिंह नाम रखा था। पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे। बेटे को भी पढ़ा लिखा कर काबिल बनना चाहते थे, लेकिन गोल्डी डॉन बन गया।



# डायनासोर की तरह विलुप्त हो जायेगी कांग्रेस:राजनाथ सिंह

## बदायूं जिले की दातागंज तहसील क्षेत्र में रक्षामंत्री ने की चुनावी सभा

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** एक मई,बुधवार को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जिले की दातागंज तह्सील क्षेत्र में चुनावी सभा करने पहुंचे थे।जिन्होंने आंवला और सदर लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से समर्थन माँगा।

बुधवार को जनपद आगमन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर जमकर सियासी तीर छोड़े।उन्होंने कहा कि डायनासोर की तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस बार साइकिल की चेन चढ़नी नहीं चाहिए।श्री सिंह ने कहा कि आजाद भारत में बहुत सारी सरकारों को काम करते हुए आपने देखा है, और अब दस वर्षों से हमारी सरकार को भी देख रहे हैं। राजनीति के आप लोग कुशल पारखी हैं, क्योंकि अपने मतों का प्रयोग करते-करते जनता राजनीतिक दृष्टि से काफी जागरूक हो चुकी है।



उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य किसके हाथ में सुरक्षित है। इसके बारे में आपकी समझ पर दुनिया की कोई भी ताकत सवालिया निशान नहीं लगा सकती है।भारत का मस्तक आज दुनिया में ऊंचा हुआ है। पहले जब भारत कुछ बोलता था तब गंभीरता से नहीं लिया जाता था,आज बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है।

इस दौरान सुरक्षा मुद्दे पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया के सारे राष्ट्राध्यक्ष डंके की चोट पर बोलने लगे हैं कि दुनिया में यदि 21 वीं सदी किसी की है तो भारत की है। भारत की सीमाओं का जहां तक प्रश्न है, पहले की सरकारों को आपने देखा है। मैं रक्षा मंत्री होने के नाते कह सकता हूं कि सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। अब अगर पाकिस्तान से कोई आतंकवादी नापाक हरकत करे तो हम इस पार भी मार सकते हैं और जरूरत पड़ी तो उस पार जाकर भी मार सकते हैं। देश की जनता के उत्त्थान पर उन्होंने कहा कि धन-दौलत के मामले में भी भारत की ताकत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चाहें पंडित जवाहर लाल नेहरू या इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री रहे हों या राजीव गांधी रहे हों, डॉ मनमोहन सिंह। सबने कहा था कि हम गरीबी को समाप्त करना चाहते हैं लेकिन हिंदुस्तान की गरीबी लगातार बढ़ती रही। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने भी कहा कि भारत दुनिया का एक मात्र ऐसा देश है, जिसने दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर किया है।इस अवसर उन्होंने जनपदीय समर्थको से एक बार फिर मोदी सरकार के जयकारे लगवाये।

# पत्रकारों के पेंशन और आवास की समस्या का होगा समाधान: अवस्थी

## कम सैलरी में पत्रकारों का 24 घंटे काम करना सराहनीय : पवन सिंह चौहान, यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने 14 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

अर्चना गुप्ता

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में मजदूर दिवस के अवसर पर यूपी प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों के लिए पेंशन योजना, पत्रकार सुरक्षा कानून, पीजीआई में सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा और डेस्क कर्मियों को प्रेस मान्यता दिए जाने की मांग की गयी। यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित इन 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम के सलाहकार और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी को सौंपा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने मई दिवस पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जादूगर अगर जादू दिखा दे तो आवास और पेंशन की समस्या खत्म हो जाय। मुख्यमंत्री ने कोविड में खत्म हुए 122 पत्रकारों के परिवार को सहायता दी थी। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है इसलिए ज्यादा नहीं बोल सकता हूं। लेकिन पत्रकारों के पेंशन और आवास की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी मजदूर है जहाँ भी काम कर रहा उसकी इज्जत करे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विकसित भारत का सपना पूरा होगा। अवनीश अवस्थी ने मंच से वहां मौजूद सभी लोगों से मतदान करने की भी अपील की। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने सभी पत्रकारों को मजदूर दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की इतनी कम सैलरी पर 24 घंटे काम करना बहुत बड़ी बात है। रात में घटना हो या दिन में बारिश में ठंड में गर्मी में लगातार काम करते है। श्रमिक के काम का एक समय होता हैं लेकिन पत्रकार के काम करने का घंटा तय नहीं रहता। उन्होंने कहा कि वह सरकार से पत्रकारों के हितों के लिए मजबूती से पैरवी करेंगे। कार्यक्रम में यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता दोनों संक्रमण काल के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार पत्रकारों के हितों का संरक्षण करने के उपाय करें।




अखबार चलाने वाले मालिकान अब संविदा के तहत पत्रकारों को नौकरी में रखते हैं। इसलिए नौकरी खत्म होने का संकट हमेशा बना रहता है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों को बिना किसी दबाव के कार्य का माहौल बरकरार रखा जाए। पत्रकारों के उत्पीड़न को गंभीरता से लेते हुए सरकार इसके समाधान की व्यवस्था करे।

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गयी है कि मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, केरल समेत लगभग एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। यूपी सरकार भी पत्रकारों के लिए शीघ्र ही पेंशन योजना का ऐलान करे। ज्ञापन में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पिछले कार्यकाल का उल्लेख किया गया है जिसमें पत्रकारों के लिए 20 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया था। ज्ञापन में न्यूज़ आधारित यूट्यूब चैनलों के लिए भी नियमावली बनाकर उन्हें प्रेस मान्यता देने तथा रेल किराए में 50 प्रतिशत की छूट बहाल करने और प्रेस काउंसिल के स्थान पर मीडिया काउंसिल गठित करने की केंद्र सरकार को संस्तुत करने की मांग भी की गयी है। दिवंगत पत्रकारों के परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए स्थायी व्यवस्था करने और राजमार्गों पर राज्य मुख्यालय में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ-साथ राज्य एवं जिला स्तरीय संवाददाताओं के प्रेस वाहनों को टोल टैक्स से छूट देने की मांग भी ज्ञापन में की गयी है। इसके अलावा लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापनों का एक निश्चित कोटा निर्धारित करने की मांग भी मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में की गई है। इस अवसर पर सुरेश बहादुर सिंह, लखनऊ मंडल इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, प्रदेश महामंत्री पीके तिवारी, मनोज मिश्रा , मुकुल मिश्रा , नितिन श्रीवास्तव , आदर्श प्रकाश सिंह, देवराज सिंह , नवलकांत सिन्हा , दीपक गिडवानी , राकेश पांडे, आदित्य सिंह , राजेश शुक्ला, प्रद्युम्न तिवारी, अर्चना गुप्ता, जुबेर अहमद, रजा रिज़वी, अब्दुल वाहिद, कुटुबु ल्ला, तारिक फारुकी, भरत सिंह नेगी , अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## – : वेदोपदेश :–

ओइम सूयवसाद् भगवती हि भूया अधा वयं भगवन्त : स्याम।
अद्धि तृणमघ्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुकदकमाचरन्ती ।।
भावार्थ :–परमात्मा वेद द्वारा हमें उपदेश देते हैं– हे मेरी प्रजाओ जैसे गौ साधारण घास खाकर और शुद्ध जल पी कर दुग्ध घृतादिकों को देकर उपकार करती है। ऐसे तुम भी थोड़े खर्च से आहार–व्यवहार करते हुए संसार का उपकार करो। आपका सादा जीवन हो।

# सम्पादकीय

## भारत के खिलाफ अलगावबाद

बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें संरक्षण दिया जाता है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए और वे उस पर मुस्कुराते रहे। गौरतलब है कि टोरंटो में मनाए गए खालसा दिवस और ष्सिखों के नव वर्ष के कार्यक्रम में ऐसी नारेबाजी तब हुई जब ट्रूडो सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े। उस कार्यक्रम में ट्रूडो ने सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की कसम खाई। अपने देश में किसी व्यक्ति या समूह के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना अच्छी बात है, पर सवाल है कि जिस व्यक्ति या समूह के लिए यह बात की जा रही है, उसकी मंशा और राजनीति क्या है। एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है। एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। ऐसे में चंद अलगाववादी तत्त्वों को प्रश्रय देकर ट्रूडो क्या दर्शाना चाहते हैंघ् स्वाभाविक ही ताजा मामले को लेकर भारत ने कनाडा के उप.उच्चायुक्त को तलब कर सख्त विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाता है, जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है। ट्रूडो शायद इस बात से भी बेफिक्र दिखते हैं कि भारत के खिलाफ अलगाववाद पर उनकी नरमी दोनों देशों के संबंधों को किस स्तर पर प्रभावित कर सकती है।

### विचारकण

1- विश्वास पूर्ण आस्था की शक्ति सृजेनात्मक होती है।
2- अपराजये आत्म विश्वास लक्ष्य को प्राप्त करता है।
3- अपनी योग्यता पर संदेह उद्धेश्य प्राप्ति में बाधक है।
4- सत्पुरूष अपने वचन का धनी होता है।
5- दान देना हाथों की शोभा है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

### आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन हर काम को बहुत ही सावधानी से करने का है। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है।

**तुला** आज धन में वृद्धि होगी और आज का दिन आपके लिए सफलतादायक रहेगा।

**वृषभ** कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** आज लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** आर्थिक लाभ का दिन है। आपके कोष में वृद्धि होगी और आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा।

**धनु** आज आर्थिक लाभ होगा। आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

**कर्क** दिन सामान्य रूप से लाभप्रद होगा। व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी।

**मकर** आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपको कहीं से रुका धन मिलने से लाभ होगा।

**सिंह** आजं आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट रहेगी। साहस और धैर्य से काम लेना होगा।

**कुंभ** आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको लेन-देन के मामले में सावधानी बरतें।

**कन्या** आपका भाग्य साथ देगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी।

**मीन** आप अपने प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। आपके लिए आज का दिन सम्मान से भरा होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदानु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूँ से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूँ से प्रकाशित।
आर० एन० आई० नं०–43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com,
E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com

# मदरसों का धंधा!

(मनोज कुमार अग्रवाल-हिफी फीचर)



बिहार के उन पिछड़े इलाकों से जहां परिवारों में अधिक बच्चे पैदा किए जाते हैं, कुछ कट्टरपंथी लोग बच्चों को भेड़ बकरी की तरह यूपी में तस्करी कर ले आते हैं और इन बच्चों को अनाथ बता कर चन्दा वसूली की जाती है। मदरसों में इन्हे लाया जाता है। वह रजिस्टर्ड तक नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला यूपी के अयोध्या में उजागर हुआ है। यहां बिहार के अररिया से सहारनपुर ले जाए जा रहे 93 ऐसे बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने अयोध्या में रेस्क्यू किया है, जिनकी उम्र 5 साल से 9 साल के बीच है। इन बच्चों को अयोध्या के देवकली चौराहे के पास एक बस से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के लोगों ने रेस्क्यू किया। बस में बच्चों को जानवरों की तरह भरा गया था। यह बच्चे गरीब परिवारों के हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जिनके माता-पिता नहीं हैं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि इन बच्चों में से कई के आधार कार्ड फर्जी हो सकते हैं। यह मामला बड़ी साजिश का हिस्सा भी हो सकता है।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य सुनीता यादव ने कहा है कि अभी जो बच्चे मिले हैं, उनकी काउंसलिंग हो रही है। बच्चों को यह नहीं पता कि वह आपस में भाई-भाई हैं या मोहल्ले के हैं। ऐसा भी हो रहा है कि वह एड्रेस गलत बता रहे हैं। आधार कार्ड जब चेक किया तो वह अपने जिले का नाम तक नहीं बता पा रहे थे। कोई बच्चा 15 साल का लग भी नहीं रहा है। वह मदरसा जा रहे थे। बच्चों को कुछ नहीं पता कि वह कहां जा रहे थे। उनको कहां ले जाया जा रहा था। बच्चों का कहना है कि हाफिज जी ने बोला था तो मम्मी ने भेज दिया। कुछ बच्चों को हाफिज जी उनके घर से लेकर गए थे। घर से उठाया और बस में बैठाया और लेकर निकल आए और कुछ बच्चों को तो उनके घर पर बता दिया गया कि भेज दीजिए तो उन्होंने भेज दिया। बच्चों से पूछा कि आपको पता है कि आपको कहां जाना है तो उनका कहना था कि कुछ नहीं पता, हाफिज जी ने फोन किया था, मम्मी ने भेज दिया। बच्चा कुछ और पता बता रहा है और आधार कार्ड में कुछ और एड्रेस लिखा हुआ है। बच्चों को मदरसे का नाम तक नहीं पता। हो सकता है कि आधार कार्ड भी फर्जी बनाया गया हो। काउंसलिंग के दौरान बच्चे अपना एड्रेस नहीं बता पा रहे हैं। जो शख्स बच्चों को लेकर जा रहे थे, वह कह रहे हैं कि बच्चे हमारे साथ हैं। जब बच्चे से पूछा गया तो बच्चे कहने लगे कि हम इनको नहीं जानते हैं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य ने बताया कि बच्चों को लेकर जा रहे शख्स ने पूछताछ में कहा कि ये भाई-भाई हैं, लेकिन किसी को नहीं पता कि कौन किसका भाई है। बच्चों को कुछ भी नहीं पता। अब हम कैसे भरोसा करें। बच्चा जो बोलेगा, वही हम मानेंगे। यह एक बड़ा घोटाला भी हो सकता है। क्या पता पहले से बच्चों को समझाया गया हो कि अगर दिक्कत हो कहीं तो यह बताना। लेकिन सब बच्चों का दिमाग एक जैसा नहीं होता। कभी-कभी उनके दिमाग से चीज निकल जाती है और दिमाग में जो रहता है, वही बोलते हैं। ऐसे में बच्चा तो सच ही बोलेगा।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के हवाले से बताया गया है कि उन्हें सूचना मिली थी कि अवैध रूप से बच्चों को बिहार के अररिया से सहारनपुर लाया जा रहा है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए हम लोगों ने बच्चों को कस्टडी में ले लिया है।कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके पास इन बच्चों के अभिभावकों द्वारा किसी तरह का सुपुर्दगी पत्र नहीं मिला है। इसमें बहुत सारे ऐसे भी बच्चे शामिल हैं, जिनके मां-बाप नहीं हैं। बच्चों को फिलहाल शेल्टर होम में रखा जाएगा। उनके परिवार के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी अयोध्या के चेयरपर्सन सर्वेश अवस्थी ने कहा कि बाल आयोग की सदस्य ने सूचना दी थी कि बस से अवैध तरीके से बच्चों को ले जाया जा रहा है। इसके बाद बच्चों को रेस्क्यू किया गया। उनकी काउंसलिंग जारी है। बच्चों का मेडिकल हो रहा है। उसके बाद इन्हें शेल्टर होम भेजा जाएगा।बच्चों के माता-पिता आएंगे तो उनको सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल बच्चों के साथ न तो माता-पिता हैं, न उनका सुपुर्दगी पत्र ही है। ऐसे बच्चे भी हैं, जो अनाथ हैं, जिनके माता-पिता नहीं हैं।

यह बिहार के अररिया से सहारनपुर की तरफ जा रहे थे।इस मामले में बातचीत के बाद यह बात सामने आई है कि इन बच्चों को बिहार से उत्तर पंदेश के देवबंद के दो अलग-अलग मदरसों में ले जाया जा रहा था। इसकी जानकारी राज्य बाल आयोग को लग गई और उसके बाद अयोध्या के चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने सूचना के आधार पर इन बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि एक बस में इन 93 बच्चों को बैठाया गया था और साथ ही साथ दो दर्जन से अधिक पैसेंजर भी बैठ गए थे। जानवरों से भी बदतर स्थिति में बच्चों को बिहार से यूपी के देवबंद स्थित मदरसे तक ले जाया जा रहा था। एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार बस में सवार यात्री अनवार ने बताया कि हम लोग अररिया में सवार हुए और मुजफ्फरनगर जा रहे थे। हमने गाड़ी वाले से पूछा कि इसमें तो मदरसे के बच्चे हैं तो उसने कहा तुम्हें बच्चों से क्या मतलब, तुम पैसेंजर हो बैठो। एक अन्य यात्री राहुल सिंह ने कहा कि बच्चों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मैं अररिया से लुधियाना जा रहा हूं। वह लोग अलग हैं। हम अलग हैं।

बिहार से यूपी के देवबंद के जिन दो मदरसे में इन बच्चों को ले जाया जा रहा था। उनमें एक मदरसे का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। एक मदरसे के पंबंधक से हमने बात की। मदरसा संचालक रिजवान ने कहा कि यह बच्चे पहले भी हमारे यहां पढ़ते थे और इस बार भी पढ़ रहे हैं। उनके घरवालों ने कहा था कि आप आ जाएं, एक आदमी यहां से चला जाएगा छोड़ने। जैसे हमारे बच्चे पहले पढ़ रहे थे, वैसे ही आगे पढ़ेंगे। रिजवान ने कहा कि हमारे यहां नर्सरी क्लास से कक्षा 5 तक पढ़ाई होती है। हिंदी, इंग्लिश, उर्दू और दीन की तालीम दी जाती है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि ये बच्चे एक दूसरे को पहचान क्यों नहीं रहे हैं? बच्चे अपने ही स्कूल के मदरसा संचालक को कैसे नहीं पहचान रहे हैं? जिन बच्चों को आपस में भाई बताया जा रहा है, वह एक दूसरे को पहचानने तक से इनकार क्यों कर रहे हैं?

दरअसल यह एक बड़ा खेल है इस के तहत छोटे बच्चों को उनके परिवार से दूर ले जाकर उनका माइंडवाश कर चरमपंथी बनाने और गजवा ए हिन्द के लिए तैयार करने की साजिश का भी हिस्सा हो सकता है। इस पंकरण की गहराई से जांच करने पर मासूमों के साथ की जा रही सहायता के नाम पर जीवन बर्बाद करने के षडयंत्र का बड़ा खुलासा हो सकता है। (हिफी)

# बालों के लिए कारगर औषधि है गुड़हल के फूल

बालों की देखरेख में नीम के पत्तेए तुलसी के पत्ते और जड़ीण्बूटियां ए फूलण्पत्तियां भी खूब असर दिखाती हैंध् बालों पर गुड़हल के फूल का भी कमाल का असर दिखता हैध् गुड़हल के फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैंए उतने ही ये उपयोगी भी होते हैं। गुड़हल के फूलों में पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।

गुड़हल के फूल में फ्लेवोनॉयड्स और अमीनो एसिड्स होते हैं जो हेयर ग्रोथ को बढ़ाने का काम करते हैं। गुड़हल के फूल को बालों की ग्रोथ और अच्छी हेल्थ के लिए सबसे बेहतरीन फूल पत्ती में से एक माना गया है।

इन फूलों के इस्तेमाल से धूप से बालों को होने बाले नुकसान ए बालों के असमय सफ़ेद होने, बालों की रुसी आदि की अनेक समस्यायों से निजात पा सकते हैं। इसके इलाबा गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल बालों को काला करने में भी मददगार सावित होता है। गुड़हल स्कैल्प पर एक ऐस्ट्रिंजेंट एजेंट की तरह काम करता है और स्कैल्प के पोर्स और ग्लैंड्स से निकलने वाले तेल को कंट्रोल करता है। बालों के लिए गुड़हल की पत्तियों का इस्तेमाल करने से इनका पीएच लेवल सही बना रहता है और साथ ही बाल नर्म एमुलायम और कोमल बनते हैं।

यह बालों का टूटना कम करता हैए बालों को मजबूती देता है और इसका विकास बढ़ाता है। ये फूल बालों का झड़ना रोकने के अलावा इन्हे दोबारा बढ़ने के लिए बढ़ावा देता है।

आइए जानते हैं बालों के लिए गुड़हल के फूल के फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका क्या है। आप इस फूल के साथ इसकी पत्तियों से बालों की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं।

गुड़हल फूल में विटामिन सीए एए फॉस्फोरस, राइबोफ्लेविन और विभिन्न आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो बालों को मजबूत और चिकना बनाते हैं। साथ ही बालों की कोशिकाओं में जमा बिषैले तत्वों को हटाकर खून का संचार बढ़ाते है। गुड़हल के फूलों को नारियल के तेल में उबालें। जह फूल पूरी तरह से फ्राई हो जाएं तो उन्हें छानकर बोतल में भर लें। नहाने से पहले स्कैल्प में अच्छी तरह से लगाकर धो लें। इसके अलावा थोड़े से जाबा फूलों में थोड़ा सा तिल का तेल या नारियल का तेल मिलाएं। इसे बालों की जड़ों पर लगाएं। 1/2 घंटे के बाद शैंपू से धो लें।

गुड़हल के फूल बालों को काला करने में भी मददगार सावित होते हैं। इसके लिए एक बर्तन में 2 कप पानी डाले और मध्यम आंच पर पकने दें। जब पानी में उबाल आ जाए तो आंच से उतारकर गुड़हल के फूल की पत्तियां मिलाएं। फूलों की पत्तियों को कुछ देर के लिए पानी में छोड़ दें और पानी में रंग आने दें। इसके बाद डाई को किसी कपड़े से छान लें और इसे ठंडा होने के लिए रख दें। डाई ठंडा होने के बाद स्प्रे बोतल में डालकर रख दें। हेयर डाई को स्प्रे की मदद से बालों पर छिड़के और कंघी की मदद से बालों में समान तीरके से लगाएं। स्प्रे करने के बाद 1 घंटे तक छोड़ दे और बाद में पानी से बाल धो लें।

गुड़हल के फूलों का आप तेल भी बना सकते हैं। इसके लिए आप गुड़हल के फूल और नारियल का तेल लें। अब एक बर्तन में नारियल का तेलए गुड़हल के फूल और गुड़फ्ल के पत्ते डाल दें। इन सभी को अच्छी तरह से पका लें। इसके बाद इसे छानकर एक जार में रख दें। अब आप गुड़हल के इस तेल को बालों पर अप्लाई कर सकते हैं। इसे बालों की मसाज या ऑयलिंग करने के लिए भी उपयोग कर सकते हैं।

गुड़हल के फूलों का तेल बालों को मॉइश्चराइज करता है और बालों में नमी बनाए रखने में मदद करता है।

आप गुड़हल के फूल को पीसकर इसका पेस्ट बनाकर हेयर पैक की तरह इस्तेमाल कर सकते हैंध् ध् गुड़हल के फूल, पत्ते और दही को साथ मिलाकर पेस्ट बनाकर बालों और स्कैल्प में हेयर मास्क की तरह लगाने से बाल मुलायम और मजबूत होते हैं। गुड़हल के फूल को पीसकर इसमें अंडे का सफेद भाग मिलाकर अच्छी तरह से फेंट लें। इसे बालों में लगाने से लाभ होगा। इस हेयर पैक में प्रोटीन की मात्रा अधिक होने से बालों का झड़ना कम होता है। अंडा लगाने से बाल जल्दी बढ़ते हैं।



गुड़हल के फूलों को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें और इसे हेयर पैक की तरह लगाएं तो बालों में चमक आने के साथ ही ये मुलायम भी बनते हैं। अगर बालों की चमक और नमी खो गई है तो गुड़हल के फूल की पंखुड़ियों को पीस लें। फिर इसके पेस्ट को एलोवेरा जेल में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस हेयर मास्क को बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक लगाएं और सूखने दें। करीब एक घंटे बाद धो लें। सप्ताह में कम से कम दो बार इस हेयर मास्क को लगान से बालों की चमक और नमी लौट आएगी। गुड़हल के फूल और इसकी पत्तियां का तेल बालों की तमाम समस्याओं से छुटकारा दिलाकर उन्हें मजबूत और चमकीला बना सकता है। गुड़हल के फूलों और पत्तियों में काफी मात्रा में म्यूसिलेज होता है जो एक नैचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है। गुड़हल के फूलों और पत्तियों को क्रश करने पर ये लिसलिसी और चिपचिपी हो जाती हैं और यही लिसलिसा पदार्थ कंडीशनर की तरह काम करता है। इसमें एंटी फंगल गुण होते हैं। बालों पर इस पैक को इस्तेमाल करने से खुजली, रूसी, फुंसी वगैरह की समस्याओं से राहत मिलती है।

अगर आप अपने बालों को बढ़ाना चाहती हैं तो आंवला के पाउडर में गुड़हल के फूल को मिलाकर बालों में लगाएं। इस पेस्ट को लगाने से बालों को पोषण मिलता है। साथ ही बालों की ग्रोथ भी होती है।

**– शहनाज़ हुसैन**
**लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।**

### भोजपुरी नायिका अमृता पांडेय की मौत से सभी स्तब्ध

भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडेय की मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। हर कोई ये खबर सुनकर हैरान है कि आखिर ऐसी कौनसी परेशानी आ गई थी कि अमृता ने अपनी जान की परवाह नहीं की और कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अभी तक ऐसा दावा किया जा रहा है कि अमृता ने आत्महत्या कर ली है। अमृता 27 अप्रैल को बिहार के भागलपुर जोगसर थाना क्षेत्र में अपने अपार्टमेंट में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। जैसे ही पुलिस को खबर मिली वो तुरंत अपार्टमेंट पहुंचे और लाश को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। अभी तक कुछ साफ नहीं हुआ है कि अमृता को क्या हुआ या अगर उसने आत्महत्या की तो क्यों की ? अमृता ने मौत से पहले व्हाट्सऐप पर एक स्टेटस लगाया था। इस वजह से भी कई सवाल उठने लगे हैं। उनका आखिरी स्टेटस था, दो नाव में सवार थी उसकी जिंदगी। हमने अपनी नाव डुबा के उसका सफर आसान कर दिया। बता दें कि अमृता की मौत के बाद से उनका परिवार बुरी तरह से सदमे में है। उनके मुताबिक वो अपने करियर को लेकर परेशान थीं और डिप्रेशन में भी थीं। उनका इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि अमृता काम न मिलने की वजह से परेशान थीं। (हिफी)

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतजार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5356

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

### वर्ग पहेली 5357

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| ■ | 9 | | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | ■ | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 24 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 10 जून 1933 को मार्गरेट थैचर इस देश की पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई (3)
4. दक्षिण अमेरिका की यह जल की मात्रा के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी नदी है (4)
7. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
8. सेवा, तीमारदारी, खिदमत (3)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. वाक्य का अप्रभंश, बोलता हुआ (2)
14. गृह या भवन को यह भी कहते है (3)
16. प्रतिवासी, पडोसी (4)
18. राजा का निवास, भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म (3)
20. पाषाण पटल, शिला, पेषणी (2)
21. उच्चवर्णीण, अंडज, यज्ञोपवीतधारी (2)
22. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जि किया हुआ हो (3)
23. वह बाल जिसका पिता का निधन हो गया हो (उर्दू)(3)
24. नदी को अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**
1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार (3)
3. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
4. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
5. वर्षा, प्रमेह, नर बकरी (2)
6. नवजात शिशु के आगमन पर खुशी हजहार करने पर महिलाओं का जमावड़ा, प्रदर्शनी (3)
10. जड़, नींव, आधार (4)
12. कोई विलक्षण कार्य, करतब (3)
13. हिम्मती, पराक्रमी, बहादुर (4)
15. कार्तिक शुक्ल द्वितीया को होने वाला भाईदूज पर्व इस नाम से भी जाना जाता है (5)
17. पुरूषोत्तम मास, अधिक मास (4)
19. पचित, पचेलिम, पचा हुआ (3)
23. जो, अगर (2)

### वर्ग पहेली 5356 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | र | ण | बे | दी | ■ | गं | ज |
| ता | न | ■ | गा | न | मं | ड | ली |
| ब | र | स | ना | ■ | ■ | क | ल |
| फ | ■ | मा | ■ | भू | सा | ■ | ■ |
| रो | ज | ना | म | चा | ■ | आ | शा |
| श | ल | ■ | त | ल | ब | गा | र |
| ■ | पा | य | ल | ■ | ह | मी | दा |
| सी | न | | बी | त | ना | ■ | ■ |

### आज आईपीएल सीजन के दो बाहुबली टीम

# सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का 50वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच हैदराबाद के घरेलू मैदान राजीव गांधी स्टेडियम पर होगा। इस मैच में पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होगी या फिर गेंदबाजों को मदद करेगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को आईपीएल 2024 में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेऑफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है। कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर होगा।

### हैदराबाद की पिच पर तीन मैच हुए

हैदराबादा में अभी तक इस सीजन तीन मैच हुए हैं। पहले मैच में पाटा विकेट पर 500 से ज्यादा रन बन गए लेकिन उसके बाद से गेंदबाजों के लिए भी मदद है। गेंद पिच पर फंस कर आ रही है और इसकी वजह से रन बनाना आसान नहीं है। इस मैच में उम्मीद की जा रही है कि पिच पूरी तरह सपाट होगी। सपाट पिच पर खेलना ही हैदराबाद की मजबूती भी है। ऐसे में ऐसा पिच देखने को मिल सकता है जहां 200 से ज्यादा रन आसानी से बन जाए।





### राजस्थान का हर खिलाड़ी लय में

सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन मार्करम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान तथा संदीप शर्मा का जोश है ।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**राजस्थान रॉयल्स**– संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर–कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**सनराइजर्स हैदराबाद** – पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

### देखो वो लौट आया...

# चहल की वापसी से धनश्री की खुशी तो देखिए, रोके नहीं रुकी



**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**– यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज हैं।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया सेंसेशन और डांसर धनश्री वर्मा ने युजवेंद्र चहल को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर रिएक्ट दी है। मंगलवार को धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर साझा की, जिसमें टीम इंडिया की टी20 टीम के सदस्यों का नाम था। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, 'आओ चहल... ही इज बैक।' भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अनुभवी ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि उनके मुंबई इंडियंस टीम के साथी हार्दिक पांड्या को उप कप्तान के रूप नामित किया गया है।

**चहल को था टीम में वापसी का इंतजार** – युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल करना भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि वह बीच के ओवरों में विकेट लेने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जिससे वह टीम इंडिया के गेंदबाजी आक्रमण में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाते हैं। चहल टीम इंडिया के लिए अपना आखिरी टी20 मैच अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने उतरे थे। उसके बाद से ही उन्हें टीम इंडिया में शामिल नहीं किया जा रहा था।

# 'लोग सोचते हैं कि वह भगवान हैं', स्ट्राइक रेट को लेकर कोहली के बचाव में आए पूर्व क्रिकेटर सिद्धू

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली ने अब तक आईपीएल में 500 रन बना लिए हैं और ऑरेंज कैप अपने पास रखे हुए हैं। लेकिन स्ट्राइक रेट के कारण अकसर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिस पर अब पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू कोहली के बचाव में आए हैं।



कोहली अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम की हालिया जीत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह कोहली और विल जैक ही थे जिन्होंने आरसीबी को सीजन की तीसरी जीत दर्ज करने में मदद की और मैच को 9 विकेट और चार ओवर शेष रहते समाप्त कर दिया। कोहली 44 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

सिद्धू ने कहा, लोग सोचते हैं कि कोहली भगवान हैं। वह एक इंसान हैं, इसलिए एक इंसान की तरह खेलेंगे। आलोचना करने के बजाय, हम इस तथ्य पर ध्यान क्यों नहीं देते कि उस खिलाड़ी के पास 80 शतक हैं। यह उसकी ताकत और कमजोरी है, उसके पास एक भी नहीं है। और अगर आप ध्यान से देखें, तो आज उन्होंने बैकफुट पर खेला और स्पिनरों को मारा। मुझे बताओ कि कितने लोग ऐसा कर सकते हैं? बाएं हाथ के स्पिनर को स्पिन के खिलाफ मारना... तो, कोहली के पास एक उपस्थिति है, जिसे वह संजोते हैं और अपना विकेट भी बचाते हैं। उसे और क्या करना चाहिए?

# अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप टीम का ऐलान किया, 8 आईपीएल खिलाड़ियों को जगह



**काबुल (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जबकि कप्तान स्टार हरफनमौला राशिद खान होंगे। विश्व कप 2023 में टीम के कप्तान रहे हशमतुल्लाह शाहिदी को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। हजरतुल्लाह जजाई, सेदिकुल्लाह अतल और मोहम्मद सलीम सैफी को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। राशिद, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीनुल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदन नायब इस समय आईपीएल खेल रहे हैं। अफगानस्तान को 20 टीमों के टूर्नामेंट में ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी के साथ रखा गया है। उसे तीन जून को प्रोविडेंस में युगांडा से पहला मैच खेलना है।

### टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान टीम

राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदन नायब, करीम जनत, नांगयाल खरोती, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, नवीनुल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**रिजर्व** – सेदिकुल्लाह अतल, हजरतुल्लाह जजाइ, मोहम्मद सलीम सैफी।

### नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

**मैड्रिड, एजेंसी।** राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला। एक जीत का मतलब मैड्रिड में स्पैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, 10, 13-14 और 17 में उनके पांच खिताबों को चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए।

# वह टीम इंडिया में धोनी की जगह ले सकते हैं

### सिद्धू ने पंत नहीं इस बल्लेबाज को लेकर भविष्यवाणी की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी भारत के लिए खेलने वाले सबसे महान मैच फिनिशर हैं। उनके संन्यास के बाद से ही मेन इन ब्लू एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश कर रहा है जो भारत के पूर्व कप्तान की तरह निचले क्रम में योगदान दे सके। अब रिंकू सिंह को अगले फिनिशर के रूप में देखा जा रहा है, जो राष्ट्रीय टीम में धोनी की जगह ले सकते हैं।



बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीमित अवसरों में भारत के लिए अपनी प्रतिभा दिखाई है और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। रिंकू को आईपीएल 2024 में पर्याप्त मौके नहीं मिले। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में रिंकू को बल्लेबाजी क्रम में प्रमोट किया गया था, लेकिन वह फायदा नहीं उठा सके। महान बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने अलीगढ़ में जन्मे क्रिकेटर की तुलना धोनी से की। वह भारत के लिए मैच जीतने के लिए रिंकू का समर्थन कर रहे हैं, जैसा कि धोनी ने अपने शानदार करियर के दौरान किया था।

सिद्धू ने कहा, रिंकू सिंह एमएस धोनी की जगह ले सकते हैं। वह दिग्गज खिलाड़ी की तरह खेल खत्म कर सकते हैं। रिंकू प्रतिभाशाली है और मैदान के सभी हिस्सों में शॉट मार सकता है। माही की तरह, वह शांत और तनावमुक्त हैं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कोई दबाव नहीं लेते हैं। वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं और वह लंबे समय तक फिनिशर की भूमिका निभाएंगे।

## व्यापार

### टोयोटा की अप्रैल में बिक्री 32 प्रतिशत बढ़कर 20,494 यूनिट पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अप्रैल महीने में थोक बिक्री सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 20,494 यूनिट हो गई। कंपनी ने अप्रैल 2023 में 15,510 यूनिट बेची थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक बयान में कहा कि परिचालन क्षमता, उत्पादकता और सुरक्षा को बनाए रखने के वास्ते मशीनरी तथा उपकरणों के रखरखाव के लिए छह अप्रैल से एक सप्ताह के रखरखाव बंद के बावजूद वृद्धि गति बरकरार रही। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 18,700 यूनिट रही, जबकि निर्यात कुल 1,794 यूनिट रहा। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा, ''हमारी उत्पाद रणनीति विविध खंड के दम पर बाजार के साथ मजबूत संबंध को दर्शाती है।''

### हुंदै की बिक्री अप्रैल में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 63,701 इकाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै मोटर इंडिया की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत बढ़कर 63,701 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता ने अप्रैल 2023 में 58,201 इकाइयों की बिक्री की थी। घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 49,701 इकाई थी। इस साल अप्रैल में निर्यात 59 प्रतिशत बढ़कर 13,500 इकाई हो गया, जबकि अप्रैल 2023 में यह 8,500 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी ने इस साल लगातार चौथे महीने 50,000 से अधिक की घरेलू बिक्री दर्ज की। उन्होंने कहा कि क्रेटा, वेन्यू और एक्सटर जैसे मॉडल के दम पर एसयूवी खंड का घरेलू बिक्री में योगदान 67 प्रतिशत रहा।

### यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष में सरकारी हिस्सेदारी घटाकर 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य : प्रबंध निदेशक

**कोलकाता एजेंसी।** यूको बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक में सरकार की हिस्सेदारी मौजूदा 95.39 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत करना है। सेबी के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों का पालन करने के लिए हिस्सेदारी कई किस्तों में घटाई जाएगी। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उसके पास इस आदेश का अनुपालन करने के लिए अगस्त तक का समय है, लेकिन उसे और विस्तार मिलने की उम्मीद है। सार्वजनिक क्षेत्र के चार अन्य बैंकों ने भी सेबी के नियमों का पालन करने के लिए सरकारी हिस्सेदारी कम करने की योजना बनाई है। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा, हमें वृद्धि के लिए इक्विटी की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमारा पूंजी पर्याप्तता 16.98 प्रतिशत है। हालांकि, सूचीबद्धता नियमों को पूरा करने के लिए हमें सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत करना होगा और ऐसा चालू वित्त वर्ष के भीतर करना है। उन्होंने बताया कि निदेशक मंडल ने इसके लिए 400 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है। ऐसा किस्तों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, अनुपालन के लिए, 10 रुपये प्रति शेयर पर 330-340 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करना पर्याप्त होता लेकिन हमने कुछ अतिरिक्त गुंजाइश दी है।

# पेट्रोलियम कंपनियों को राहत, सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया टैक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दरों में कटौती कर दी है। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स को बुधवार से 8400 रुपए प्रति टन कर दिया है। ये पहले 9600 रुपए प्रति टन पर था जिसे घटाकर 8400 रुपए प्रति टन पर लाया गया है। यह टैक्स विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क- स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (एसएईडी) के तौर पर लगाया जाता है। नई दरें एक मई यानी आज से लागू हो गई हैं।

### डीजल, पेट्रोल और एटीएफ पर कितना लगा टैक्स




आधिकारिक नोटिफिकेशन के मुताबिक डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। भारत ने पहली बार एक जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर टैक्स लगाया था। इसके साथ ही वह उन देशों में शामिल हो गया जो ऊर्जा कम्पनियों के असाधारण लाभ पर टैक्स लगाते हैं। तेल की पिछले दो हफ्तों की औसत कीमतों के आधार पर कर टैक्स रेट की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है। सरकार ने विंडफॉल टैक्स के तौर पर निर्यात पर लगने वाला एक तरह का टैक्स लागू किया जो स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी के रूप में लगता है। हर पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखकर विंडफॉल टैक्स को घटाने या बढ़ाने का फैसला किया जाता है।

### पिछली समीक्षा बैठक में घटाई थीं दरें

भारत सरकार ने पिछली समीक्षा बैठक यानी 15 अप्रैल को देश में पेट्रोलियम क्रूड पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को बढ़ाया था। इसे 6800 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 9600 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया गया था जो 15 दिन बाद आज घटे हैं।

# गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई एआई की बदौलत अरबपति बनने के करीब

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अल्फाबेट और गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने के करीब हैं। पिचाई के नेतृत्व में कंपनी के शेयरों में 400 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है, जिसने बाजार के रुझान को भी पीछे छोड़ दिया है। हाल ही में कंपनी की पहली तिमाही की आय उम्मीदों से बेहतर रही और उसने पहली बार इतना मुनाफा दर्ज किया है। इन सबका फायदा पिचाई को हो रहा है। उन्हें दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सीईओ में से एक बना दिया है।

पिछले करीब नौ सालों से गूगल के सीईओ के रूप में पिचाई काम कर रहे हैं। वह अगस्त 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। अब कंपनी के शेयर में 400 फीसदी से अधिक उछाल आया है। यह एसएंडपी 500 और नैस्डैक से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कंपनी की पहली तिमाही की आय उम्मीदों से कई गुना बेहतर रही। बताया जा रहा है कि कंपनी को क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई में एआई-संचालित वृद्धि से बढ़ावा मिला है। कंपनी ने अपने इतिहास में पहली बार इतना मुनाफा कमाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शेयरों के भारी उछाल ने सुंदर पिचाई को दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सीईओ में से एक बना दिया है। उनकी संपत्ति लगभग एक अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, इन सब खबरों पर गूगल के एक प्रवक्ता ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। भारतीय मूल के सुंदर पिचाई का वास्तविक नाम सुंदरराजन है। उनका जन्म तमिलनाडु के मदुरै में 1972 में हुआ था, लेकिन वो चेन्नई में पले-बढ़े। उनकी मां लक्ष्मी एक स्टेनोग्राफर और पिता रघुनाथ पिचाई इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। बताया जाता है कि वे एक छोटे से दो कमरों वाले अपार्टमेंट में रहते थे। यहां वह और छोटे भाई फर्श पर सोते थे। एक इंटरव्यू में पिचाई ने बताया था कि उनके बचपन के अधिकांश समय में उनके पास टेलीविजन या कार जैसी सुविधाएं नहीं थीं। कभी-कभी उनके घर में पानी भी नहीं होता था। 12 साल की उम्र में, उनके परिवार को पहला रोटरी टेलीफोन मिला। पिचाई का कहना है कि इसी टेलीफोन ने उन्हें टेक्नॉलजी की दुनिया से परिचित कराया। वह अपने पिता, जो ब्रिटिश समूह जीईसी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे, के काम को देखकर टेक इंडस्ट्री की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने स्कूल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और खड़गपुर के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। आईआईटी खड़गपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद, सुंदर पिचाई को अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से स्कॉलरशिप मिली। यह उनके लिए एक बड़ा मौका था, लेकिन अमेरिका जाने का खर्च उठाना उनके परिवार के लिए आसान नहीं था। पिचाई के पिता ने अपने बचाए हुए एक हजार डॉलर से उन्हें अमेरिका भेजा। पिचाई ने साल 2014 में दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके माता-पिता ने वही किया जो कोई भी अभिभावक करता। उन्होंने अपने पूरे जीवन की बचाई हुई कमाई अपने बच्चे को पढ़ाने में लगा दी। अप्रैल 2004 में सुंदर ने गूगल ज्वाइन किया था। गूगल में सुंदर पिचाई पहला प्रोजेक्ट प्रोडक्ट मैनेजमेंट और इनोवेशन शाखा में दिया गया। यहां उन्हें गूगल के सर्च टूल को बेहतर बनाने और दूसरे ब्रॉउजर के यूजर्स को गूगल पर लाने का काम दिया गया था। इसी दौरान सुंदर ने कंपनी को सुझाव दिया कि गूगल को अपना ब्राउजर लॉन्च करना चाहिए।

# बरेली सहित पूरे उत्तरप्रदेश में टी बी के रोगियों को दवा की भारी किल्लत

## लोकल परचेज के माध्यम से एक-दो दिन की दवाई मिल रही है मरीजों को

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2025 तक टी बी मुक्त भारत करने का सपना चकनाचूर हो गया है विगत डेढ़ माह से बरेली के टी बी के 9 हजार रोगियों को टी बी की दवा लेने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है भारत सरकार लोकसभा चुनाव में व्यस्त है और उसे टी बी के रोगियों की कोई चिंता नहीं है समूचे भारत में टी बी की दवा की भारी किल्लत हो गई है बरेली के 9हजार मरीजों को एक-दो दिन की दवा देकर ही टरकाया आया जा रहा है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक समूचे भारत से टी बी को जड़ से समाप्त करने का जो संकल्प लिया था वह अब अधूरा प्रतीत होता है चुनाव से पहले कोई दवा की व्यवस्था न करना टीवी के मरीजों का इधर भटकना की दर्शाता है कि सरकार टी बी के रोगियों के प्रति कितनी संवेदनशील है बरेली में वर्तमान समय में 9 हजार टी बी के मरीज दवा ले रहे हैं दूध राशि के गांव के मरीजों को हफ्ता 10 दिन की दवा मिल जाती थी लेकिन अब दवा की कीमत होने से केवल उनका जिला शेरों केंद्र पर आना पड़ता है और 2 दिन की दवाई दी जा रही है।

बरेली नहीं पूरे देश का यही हाल है लगभग 5 लाख रोगी भारत में टी बी की दवा खा रहे हैं लेकिन दवा समय से न मिलने और भरपूर मात्रा में न मिलने से टी बी के रोगियों में डिफॉल्ट होने का खतरा बढ़ रहा है मजदूर पैसा टी बी के रोगी हफ्ता 10 दिन की दवा लेने के बाद अपने कार्य स्थल पर चले जाते हैं अब सिर्फदो दिन की दवा मिलने से एक तरफ तो उनको रोजगार का नुकसान और दूसरी तरफटी बी की बीमारी की मार भी झेलनी जल्दी पड़ रही है जिससे टी बी के रोगियों में डिफॉल्ट होने का खतरा बढ़ रहा है बरेली जिले की बात करें तो बरेली में




टी बी दवा खत्म हो गई है बरेली में 27 टी बी उपचार केंद्र है और 51 बलगम जांच केंद्र है 9000 टी बी के रोगियों की इलाज की व्यवस्था की देखरेख 24 एस टी एस के कंधों पर है लेकिन दवा न मिलने के कारण उन्हें मरीजों की खरी खोटी सुन्नी पड़ रही है स्वास्थ्य विभाग लोकल प्रदेश के माध्यम से मरीज को टीवी की दवा दिलवाने की भरपूर कोशिश कर रहा है लेकिन कामकाजी रोगियों को 2 दिन की दवा देने के बाद फिर काम छोड़कर आना और दवा लेना बड़ा जोखिम भरा है और बीच में ही इलाज छोड़ने का खतरा बढ़ रहा है अगर मरीज बीच में ही टी बी का इलाज छोड़ देता है तो वह डिफॉल्ट की श्रेणी में आता है और वह एमडीआर कैटेगरी में चला जाता है जब से भारत में डेली डॉट्स का कार्यक्रम शुरू हुआ है सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगने लगी है वह मरीज जो प्राइवेट इलाज नहीं करवा पाए थे बीच में ही डिफॉल्ट हो जाते थे उनको सरकारी दवा से फायदा होने लगा था लेकिन अचानक भारत सरकार की यह व्यवस्था अस्त व्यस्त हो जाने के कारण सरकारी दवा खा रहे टी बी के रोगियों को धक्का लगा है।

सभी सी एच सी पी एचसी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि रोगी कल्याण समिति के खाते से दवा की खरीद करके टी बी के मरीजों को दवा की व्यवस्था करे दवा की कोई कमी नहीं होने दी जाएगीए राज्य क्षय रोग अधिकारी के निर्देशों का पालन किया जा रहा है बहुत जल्द यह किल्लत दूर हो जाएगी।

**- डॉक्टर इंतजार हुसैन**
**जिला क्षय रोग अधिकारी**
**बरेली।**

# पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर में आयोजित हुई हिंदी संगोष्ठी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे, राजभाषा विभाग, इज्जतनगर के तत्वावधान में मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023-24 की संयुक्त तिमाही की समीक्षा बैठक एवं हिंदी साहित्य में संत कबीर दास का योगदान विषय पर विशेष हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव की अध्यक्षता में मण्डल कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सुरेश बाबू मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इन्टर कॉलेज, बरेली ने बताया कि कबीर दास के साहित्य में शाश्वत प्रेम की अविरल धारा प्रवाहित होती है। वे भक्तिकाल की निर्गुण शाखा के एक प्रमुख कवि थे। उनका जन्म पन्द्रहवीं शताब्दी में हुआ था। उस समय देश की अधिकांश जनता अशिक्षा के गहन अंधकार में डूबी हुई थी। समाज में तरह-तरह की विसंगतियां, कुरीतियां, अंधविश्वास, कर्मकाण्ड एवं आडम्बर व्याप्त थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में इन सब पर करारी चोट की। उन्होंने आपस में लड़-झगड़ रहे लोगों को मानव प्रेम का सन्देश दिया। उनका रहस्यवाद अनूठा था। जिसका उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने ये पद भी सुनाया।

काहे री नलिनी हूँ कुम्हलानी।
तेरे ही नालि सरोवर पानी।।
जल में उतपत्ति जल में बास,
जल में नलिनी तोर निवास।
ना तलि तपतिन उपरि आगि, तोर
हेत कहुकासनि लागि।।
कहै कबीर जे उदकि समान, ते
नंहि मुए हमारे जान।

संत कबीर दास पर आगे बोलते हुए श्री मिश्रा बताया कि कबीर दास का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, समाज सुधारक, क्रान्ति दृष्टा, क्रान्ति सृजक एवं युगदृष्टा थे। वे विचारक एवं चिन्तक थे। इन सभी विशिष्ट गुणों के होने के बाद भी उन्हें जरा भी अभिमान नहीं था। उन्होंने अपने बारे में स्वयं लिखा-श्मसि कागज छुओ नहीं, कलम गहौ नहि हाथ। उनका हृदय बड़ा सरल था वे छल-प्रपंच एवं आत्म प्रदर्शन से कोसों दूर थे। वे लोगों के विरोध से विचलित नहीं हुए और लगातार साहित्य सृजन में लगे रहे। मुगल शासकों, जमीदारों, साहूकारों एवं धर्म के ठेकेदारों के चंगुल में फंसी तथा उनके अत्याचारों से कराह रही जनता को उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा मानव प्रेम एवं समानता का सन्देश दिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव ने कहा कि हिन्दी बहुत ही अच्छी भाषा है। आजकल हम लोग जो लिखते है उसमें बोल-चाल की भाषा का ही प्रयोग हो रहा है। हम सभी जब उस हिन्दी भाषा को अपने अंदर सम्माहित कर उसे अपनाते हैए तो इससे हिन्दी को बढ़ावा मिलता है। हम सभी जानते है कि हिन्दी एक आत्मीय भाषा है। हिन्दी का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल है। हिन्दी के प्रचार-प्रसार करने के लिए हम हिन्दी कार्याशाला का आयोजन करते है। आजकल हिन्दी साहित्य, काव्यों एवं रचनाओं को पढ़ने की इच्छा धीरे-धीरे कम होती जा रही है। अतः उन्होंने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे समय-समय पर मंडल पर हिन्दी पर हिन्दी निबन्ध, हिन्दी वाक, हिन्दी स्लोगन, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ-साथ नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जाना चाहिए।

इसके पूर्व अपर मण्डल रेल प्रबन्धक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी राजीव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि एवं अन्य आगुंतुकों स्वागत करते हुए कहा कि मंडल पर हिंदी के प्रयोग प्रसार पर नज़र रखें और जहाँ कहीं भी अंग्रेजी का प्रयोग हो रहा है, वहाँ यथा स्थित हिंदी या द्विभाषीय प्रयोग सुनिश्चित करायें।

वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह ने संगोष्ठी कबीर साहित्य पर अपने विचार व्यक्त किये। मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने बैठक का संचालन किया।

# रोडवेज बस ने मारी बाइक को टक्कर, महिला की मौत

**बरेली।** शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी व बच्ची को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई और पति समेत नौ साल की बच्ची घायल हो गई। वहीं पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है।

बता दें, थाना इज्जत नगर क्षेत्र के करमपुर चौधरी निवासी महिला परवीन अपने पति शहादत खान व अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ अपने मायके किच्छा शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थेए इस दौरान शेरगढ़ बस अड्डे के पास तेजी से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर परवीन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# रुपये लिए की गई थी आकाश की हत्या

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** रिश्तेदारी में चाचा लगने वाले शख्स ने रुपये की खातिर अपने भतीजे की हत्या कर अपने साथियों के साथ मिलकर ईको वैन और 25 हजार रुपये लूट लिए। उसके बाद उसके शव को नहर में फेंक दिया लेकिन कार को रामपुर ले जाते समय वह पकड़े गए।

तीनों को गिरफ्तार करने के बाद आरोपियों की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जिला पीलीभीत के पटनियां बीसलपुर के रहने वाले धर्मपाल ने बताया उनका 20 वर्षीय बेटा आकाश बदायूं के सिविल लाइन निवासी नीरज सिंह की ईको वैन चलाता था। 28 अप्रैल को वह दिल्ली में सवारी छोड़ने के बाद वापस आ गया था। शाम तक उसका मोबाइल बंद रहा।

उसके दूर के रिश्ते के चाचा विनोद पुत्र श्याम बिहारी निवासी पुरनापुर थाना बिथरी चैनपुर ने राजेश पुत्र फूलचंद्र निवासी रुतपपुर फाटक थाना फतेहगंज पश्चिमी, अपने दो साथियों सोमपाल और झंनकार निवासी पटनिया के साथ मिलकर उसके बेटे आकाश का ईको वैन समेत अपहरण कर लिया। उसके बाद उसकी हत्या कर रिठौरा के पास शव को नहर में फेंक दिया। उसके पास रखे 25 हजार रुपये भी लूट लिए। बीती रात वह लोग ईको को रामपुर ले जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने देखा कि नई कार की नंबर प्लेट टूटी हुई है। उन्हें शक हुआ कि ईको चोरी कर ले जाई जा रही है। जब ईको वैन को रोका तो आरोपी डर गए उनसे जब सख्ती से पूछताछ की गई तो घटना का खुलासा हुआ। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने आकाश का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। चौथे की तलाश जारी है।आरोपियों ने बताया कि आकाश ने उन लोगों से रुपये उधार लिए थे। जिस कारण उन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया।

# यूजीसी ने दिया प्रथम श्रेणी का दर्जा दिया रुहेलखंड विश्वविद्यालय को

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली ।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने प्रथम श्रेणी का दर्जा दिया है। इसके साथ ही यह देश के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों की श्रेणी में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने में मदद मिलेगी। यहां ऑनलाइन कोर्सेस शुरू हो सकेंगे। साथ ही यूजीसी के सभी अनुदान मिल सकेंगे।

विश्वविद्यालय ने पिछले साल नैक मूल्यांकन में ए डबल प्लस ग्रेड हासिल किया था। मंगलवार को यूजीसी की ओर से विश्वविद्यालय को प्रथम श्रेणी के लिए स्वीकृति प्रदान करने की सूचना कुलपति को दी गई। इससे विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ भी बिना किसी बाधा के बेहतर अकादमिक संबंध, शोध के नए अवसर, साझा अनुसंधान के अवसर मिलेंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की डिग्री की स्वीकार्यता बढ़ेगी।

यूजीसी स्तर पर विश्वविद्यालय को अधिक स्वायत्तता मिलेगी और कम औपचारिकताएं निभानी पड़ेंगी। विवि अधिकतर शैक्षणिक निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होगा। अब तक अधिकतर कार्यों के लिए यूजीसी से अनुमति ली जाती थी। कई कार्यों को करने के लिए यूजीसी की टीम ग्राउंड रिपोर्ट भी लेती थी।

विवि को अब तक यूजीसी से वाई5फाई जोन, शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान, पेपरलेस कार्य, शिक्षकों की विदेश यात्रा को लेकर अनुदान नहीं मिला था। प्रथम श्रेणी में आने के बाद विश्वविद्यालय को यूजीसी की सभी प्रकार की ग्रांट मिल सकेंगी। पिछले साल विवि को दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने की अनुमति मिली थी। अब ऑनलाइन कोर्सेस का संचालन हो सकेगा। इससे विदेशी छात्र भी आसानी से विवि में पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही विदेशी शिक्षक भी विश्वविद्यालय से जुड़ सकेंगे।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि में सर्वाधिक योगदान शिक्षकों, कर्मचारियों, प्राचार्यों और विद्यार्थियों का है। विवि अब ऑनलाइन कोर्सेस संचालित कर सकेगा। साथ ही यूजीसी से सभी प्रकार के अनुदान प्राप्त करने के लिए सक्षम हो गया है। इसका लाभ विद्यार्थियों को भी मिलेगा।

# पूर्व सांसद, बाहुबली धनंजय सिंह को मिली जमानत, रिहा

## काले रंग की 26 गाड़ियों के काफिले संग जौनपुर रवाना

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** जौनपुर के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह बुधवार सुबह जेल से रिहा हो गया। जिसके बाद अपने समर्थकों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान उसके काफिले में 26 गाड़ियां शामिल थीं। जिसकी पहचान काला कलर 9777 थी।

बीते शनिवार को जौनपुर जिला जेल से बाहुबली धनंजय सिंह को बरेली के सेंट्रल जेल में प्रशासनिक आधार पर ट्रांसफर किया गया था। जिसके बाद से उनके समर्थक बरेली में डेरा डाल रखा था। शनिवार को ही जौनपुर से समर्थक बरेली पहुंचे थे। बुधवार सुबह करीब 8:15 बजे रिहा होते ही समर्थकों ने जय धनंजय तय धनंजय का नारा लगाते हुए उनका स्वागत किए। बता दें कि पूर्व सांसद को रंगदारी, अपहरण समेत अन्य संगीन मामले में सात साल की सजा हुई है। इस मामले में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। लेकिनए रिहाई के कागजात जेल प्रशासन तक न पहुंचने के कारण उन्हे रिहा नहीं किया गया था। पूर्व सांसद के रिहाई के कागजात जेल प्रशासन को प्राप्त हुआ। जिसके बाद बुधवार को उसे रिहा कर दिया गया... कुंतल किशोर, जेल डीआईजी।

# लॉटरी और लकी ड्रा से करता था लोगों के साथ ठगी

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित व अंतरराज्यीय अपराधी चरन सिंह पुत्र रामनिवास उर्फ सोरन निवासी हाजीपुर थाना सोना सदर जिला गुरुग्राम हरियाणा को चरण पहाड़ी बहद चौकी क्षेत्र नन्दगांव थाना बरसाना मथुरा के पास से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चरन सिंह के कब्जे से एक अवैध तंमचा, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बिना नंम्बर प्लेट चोरी की बरामद हुये। पुलिस मुठभेड़ के दौरान चरन सिंह पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए सीएचसी बरसाना में भर्ती कराया गया। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना बरसाना पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल थाना बरसाना के मुताबिक उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्यों में अपने अन्य साथियों के साथ भोले भाले लोगों से लॉटरी के नाम पर 15 महीने तक रुपये जमा कराना तथा लकी ड्रा निकालकर लोगों को अल्टो कार, टेम्पू, व प्लेटिना मोबाइल देने व लकी ड्रा नहीं निकलने पर ब्याज सहित रुपये वापस करने का लालच देकर लोगों से रुपये ऐंठ कर समय पूरा होने पर भाग जाना इसका काम था। अलग अलग राज्यों के विभिन्न थानों पर लॉटरी के नाम पर लोगों के साथ धोखाधडी करने के कई मुकदमे पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल थाना बरसाना, एसओजी प्रभारी राकेश कुमार, चौकी प्रभारी हाथिया अरविंद पुनिया, चौकी प्रभारी नंदगांव अजय अवाना आदि थे।

# स्टेशन मास्टर पर यात्रियों से दुर्व्यवहार का आरोप

अमर प्रभात ब्यूरो

**गाजीपुर।** जखनिया स्टेशन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर जितेंद्र चौधरी द्वारा आए दिन यात्रियों से अभद्र व्यवहार व स्टेशन जखनिया पर सलाहकार समिति में नामित सदस्यों से वाद विवाद को लेकर उनके खिलाफस्टेशन पर शिकायत पुस्तिका में शिकायत दर्ज किया गया। इसकी शिकायत व जानकारी एक्स के माध्यम से डीआरएम सहित रेल मंत्रालय को भेजा गया। ज्ञात हो की आए दिन जब यात्री स्टेशन मास्टर से ट्रेन व स्टेशन पर सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने जाता है तो जितेंद्र चौधरी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाती है। उल्टा यात्रियों को स्टेशन मास्टर कार्यालय से बदतमीजी के साथ बाहर जाने को कहा जाता है। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर स्टेशन सलाहकार समिति के नामित सदस्य उमाशंकर यादव और पीयूष सिंह ने इसकी जानकारी मांगी, और स्टेशन व्यवस्था के बारे में पूछा तो वह उन लोगों पर भी भड़क गए और कहा की आपको जो जो पूछना है और जो करना है सीधे डीआरएम वाराणसी से पूछिए। आरोप है की स्टेशन मास्टर द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए उनको भी स्टेशन से बाहर जाने को कहा।

इस बात को लेकर ऑल इंडिया रेल यूजर्स फेडरेशन मंडल वाराणसी के अध्यक्ष और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रमोद वर्मा ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं किसी का जवाब देने के लिए यहां तैनात नहीं हूं, मेरी जो मर्जी है वही काम करूंगा। मेरी शिकायत जिससे करनी हो आप कर दीजिए। इस बात को लेकर प्रमोद वर्मा ने कहा कि भारतीय रेल एक सम्मानित संस्था है करोड़ों लोग इससे यात्रा करते हैं। सरकार यात्रियों के सुविधाओं के प्रति सजग सतर्क व जिम्मेदार है। आप स्टेशन मास्टर हैं आपका कर्तव्य बनता है कि आपसे जो भी जानकारी यात्री मांगे उसका जवाब दें।

यात्रियों की सहायता करें, स्टेशन परिसर सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। लेकिन आप नामित सदस्यों सहित सम्मानित रेल यात्रियों के साथ जो अनुचित व्यवहार कर रहे हैं यह अभद्र व्यवहार कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसकी लिखित सूचना डीआरएम सहित संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी। बुधवार को जखनियां रेलवे स्टेशन पर एएसएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए प्रमोद वर्मा ने कहाकी भाजपा सरकार में दिन प्रतिदिन यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है यात्रियों के सहूलियत के लिए सारी व्यवस्था की जा रही है। अगर इस प्रकार का व्यक्ति भारतीय रेल को बदनाम करने का काम करेगा तो यह उचित नहीं है उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की की इस विषय को संज्ञान में लेते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई करने की कृपा करें। इस अवसर पर स्टेशन के नामित सदस्य उमाशंकर यादव, पीयूष सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक गुप्ता, व्यापारी प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, सुनील सिंह, यात्री वरुण पांडेय संजीव त्रिपाठी, गुड्डू राजभर, रवि भारद्वाज, लाल जी गोड़, दीपक सिंह सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पीताम्बरी रंग में कान्हा की नगरी को रंगने की योजना

## भवनों के अग्र भाग का एलिवेशन राजस्थान शैली का होगा

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** संभव है आगामी दिनों में कान्हा की नगरी की रंगत आपको अनूठी नजर आये। एमवीडीए इसके लिए योजना तैयार कर रहा है। राजस्थान शैली में हेरिटेज कलर को चयनित किया गया है। कान्हा की नगरी के भवन हल्के पीले रंग में रंगे नजर आएंगे। विकास प्राधिकरण महायोजना 2031 के अंतर्गत मथुरा वृंदावन के सभी भवनों के अग्र भाग के लिए राजस्थान शैली में हेरिटेज कलर को चयनित किया गया है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मथुरा वृंदावन ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्व के नगर हैं। यह दोनों ही नगर सदियों से लाखों श्रद्धालु भक्तजनों को आकर्षित करते रहे हैं। यह नगर पुरातात्विक निधियों, वास्तुकला तथा शिल्पकला की प्राकृतिक सुषमा तथा धार्मिक वातावरण से समृद्ध हैं। ऐसी स्थिति में मथुरा वृन्दावन क्षेत्र को संरक्षित एवं पुरातत्व महत्व बनाये रखने के उद्देश्य से मथुरा वृन्दावन महायोजना-2031 पुनरीक्षित के अन्तर्गत आर्किटेक्चर कंट्रोल, कलर स्कीम का प्राविधान किया गया है। इसके अंतर्गत सौन्दर्गीकरण एवं सुधार के लिए कलर स्कीम में अग्रभाग फ्रन्ट ऐलीवेशन में हल्का पीला पोस्ट कार्ड कलर व साइनेज बोर्ड हेरिटेज कलर में रंगाई पुताई का कार्य एवं समरूपता में साइनेज बोर्ड स्थापित किया जाना तय किया गया है। इसके अलावा इन्टेक के सुझाये गये वास्तुकलां नियत्रण के प्राविधानों के अधीन प्लानिंग कन्ट्रोल तथा भवनों के अग्र भाग का एलिवेशन राजस्थान शैली के अनुसार रखे जाने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि अग्रिम चरणों में मथुरा वृन्दावन शहर के मुख्य मार्गो पर स्थित दोनों ओर के भवनों एवं यमुना नदी की ओर मुख करते हुए भवनए घाट के फ्रंट एलिवेशन हल्का पीला पोस्ट कार्ड कलर व साइनेज बोर्ड हेरिटेज कलर में कलर स्कीम निर्धारित की गयी है। उपरोक्त क्षेत्रों में भवन अध्यासियों द्वारा फसाड के लिए स्वयं कार्य कराये जायेंगे। सभी अध्यासियों के सहयोग से मथुरा वृन्दावन क्षेत्र के पौराणिक वास्तुकला स्वरूप को समरूपता में विकसित किया जा सकेगा।

# गोपाल जी का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** ठाकुर गोपाल जी का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को मैन बाजार भूमिया गली में स्थित गोपाल कुटीर से ढोला में विराजमान होकर ठाकुर गोपाल जी की शोभा यात्रा ब्रज के सत श्री पंडित बाबा महाराज एवं राधे गुरु जी के नेतृत्व में सब्जी मंडी, रंगीली गली, सुदामा चौक, बाग मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, बस मोहल्ला, पश्चिमी कटरा, पूर्वी कटरा, पड़ाव मोहल्ला होते हुए गोपाल कुटीर पर संपन्न हुई। गोपाल कुटीर पर सजे भव्य फूल बंगला एवं छप्पन भोग के बीच भक्तों को दिए दर्शन। वहीं भजन संध्या महोत्सव का ब्रिज के संत पंडित बाबा के द्वारा गोपाल जी की आरती कर शुभारंभ किया गया। चतुर्भुज कीर्तन मंडल एवं श्याम श्याम कीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वाधान में भजन गायक कलाकारों के द्वारा धार्मिक भजनों की मधुर धुनों पर भक्तगण थिरकते हुए चल रहे थे। राधा कृष्ण की झांकी भी साथ में चल रही थी। गोपाल जी के ढोला के ऊपर कस्बा वासियों ने जगह जगह की पुष्प वर्षा की।

# शाट सर्किट से इंदिरा मार्केट में कपड़ों की तीन दुकानों में लगी आग

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** शॉर्ट सर्किट की वजह से कपड़ों की तीन दुकानों में आग लग गई, जिससे दुकानदारों में भगदड़ मच गई। इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। वहीं दुकानों में कपड़े जलकर राख हो गए। थाना किला क्षेत्र के लीची बाग निवासी इस्लाम कुरैशी ने बताया कि पिछले 10 सालों से इंदिरा मार्केट में कपड़ों की दुकान है। वहीं छोटा भाई फैज भी दुकान चलाता है। पड़ोस के रहने वाले कटी कुइयां निवासी सुधीर भी कपड़ों की दुकान चलाते हैं।

आज सुबह अचानक शार्ट सर्किट की वजह से तीनों दुकानों में भीषण आग लग गईए जिससे मार्केट में भगदड़ मच गई।
कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदारों ने बताया कि दुकान में लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। आग किस वजह से लगी है कि साफनहीं हो पा रहा है।

# बलदेव में निकली काली शोभायात्रा

## शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा का किया स्वागत



अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** कस्बा में ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य काली शोभायात्रा पुराना बस स्टैंड से धूमधाम से निकली गई। काली शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुरारी लाल अग्रवाल व थानाध्यक्ष संजीव कुमार त्यागी ने मां काली की आरती उतार कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के पदाधिकारी अनुज उपमन्यु, शिवा उपाध्याय राजा शर्मा ने किया। काली शोभायात्रा बलदेव नगर में पुराना बस स्टैंड से खादी भंडार, बलदेव थाना होती हुई मोती बाजार, शिवरतन बाजार, रीढा मोहल्ला, स्टेट बैंक, पुराना डाक खाना से होती हुई समापन हुई। शोभायात्रा का पग पग स्वागत हुआ। काली शोभायात्रा की नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गई। काली स्वरूप बने बलराम शर्मा ने सट्टेबाजी प्रदर्शन से आश्चर्यचकित कर दिया। लागुराओ ने पट्टेवाजी, तलवार बाजी, बने आग का चक्र एवं फायर से हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर सभी को अचंभित कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना बलदेव पुलिस शोभायात्रा में तैनात रही। इस अवसर पर जवाहर लाल उपाध्याय, मोहन पाठक, राजू भारद्वाज, नंदो तेहरीया, अवधेश दुबे, नंदो उपाध्याय, राहुल तेहरीया आशीष पाठक, काली चरण उपमन्यु, मुरारी लाल पाठक, राम पाठक, राजा शर्मा, कपिल शर्मा, आचार्य कन्हैया लाल, टिल्लू गुधेनिया, अवधेश तेहरिया, परम तेहरीया, गोविंद चौरसिया, चिराग तिवारी,कृष्णकांत गुधेनियां, रजत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# घर में चुप चाप चल रही थी खुदाई, पहुंच गई पुलिस

**मथुरा।** सुरीर क्षेत्र के गांव कराहरी में एक व्यक्ति के घर के अंदर कमरे में खुदाई चल रही थी। यह सब बेहद ही गोपनीय तरीके से किया जा रहा था। बावजूद इसके ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। ग्रामीणों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस एक कथित तांत्रिक और मौके पर मौजूद लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। बताया जा रहा है कि यह खुदाई कथित तांत्रिक के कहने पर की जा रही थी। तांत्रिक ने घर वालों को बताया था कि उनके घर में खजाना छुपा हुआ है जिसे वह खोदकर निकाल सकते हैं। पब्बीपुर चौकी इंचार्ज प्रेमपाल सिंह ने बताया कि खजाने के लालच में खोदाई करा रहे थेए पड़ोसियों को शक था कि खुदाई के साथ तांत्रिक किसी की बलि दिलवा सकता है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद ग्रहस्वामी समेत तांत्रिक को चेतावनी देकर छोड़ दिया है।

# कोसीकला नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने को कराई मुनादी

**मथुरा।** कोसीकला नगर पालिका प्रशासन ने शहर के सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। व्यापारियों के साथ बैठक करने के बाद अब पालिका ने 9 मई तक अतिक्रमण स्वयं हटा लेने के लिए मुनादी कराई है। इसके बाद कार्रवाई किए जाने का ऐलान किया है। कोसीकला शहर में इन दिनों अतिक्रमण की समस्या विकराल होती जा रही है। इसको लेकर नगर पालिका से लोग अतिक्रमण हटाओ अभियान की मांग कर चुके हैं। पालिका ने लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों से बातचीत की और उनके अनुसार ही हल निकाला है। जिसके तहत दुकानदार अपनी दुकान के सामने हवा में ही 5 फीट तक का टीन शेड लगा सकते हैंए जबकि ढाई फीट के दायरे में दुकान के सामने डिस्प्ले के लिए सामान रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का सामान रखने या बोर्ड लगाना अतिक्रमण के दायरे में आएगा। इसको लेकर नगर पालिका ने बुधवार को घोषणा भी जारी कराई है। जिसमें सभी दुकानदारों से 9 मई तक अपने अतिक्रमणों को स्वयं हटा लेने और नियम अनुसार कर लेने की अपील की गई है । इसके बाद यानी की 10 मई से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों किराए के मकान राजमिस्त्री की मौत

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत किराए के मकान में एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाकर पुसिल ने परिजनों को सूचना दी।

बताया गया है कि कासगंज के अमांपुर थानान्तर्गत ग्राम सिकंदरा भगूपुर निवासी भरत सिंह पुत्र लाखन सिंह एटा के मोहल्ला रैवाड़ी में एक किराए के मकान में रहता था। वह राजमिस्त्री था। मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी किराए के मकान में मौत हो गई। बुधवार को सुबह शव देखा गया। ये देख मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और बताया कि उसके परिजनों को अवगत करा दिया है। पुलिस के अनुसार वह बीमार चल रहा था। परिजनों के मुताबिक वह स्वास्थ्य था। संदिग्ध मौत की पुलिस जांच कर रही है। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है।

## धार्मिक ग्रन्थ और भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी, पुलिस जांच शुरू

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** मिरहची थाना के उपनिरीक्षक चमन सिंह ने एक आपत्तिजनक मामले की जांच के लिए कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि मिरहची कस्बा निवासी भीमनगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र भीकम सिंह समेत दो लोगों द्वारा फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से हिन्दू धार्मिक ग्रंथ और भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी की गई। इसमें गाली-गलौज का उपयोग भी हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धर्मनिरपेक्षता के मामलों में सामाजिक सद्भावना को ध्यान में रखते हुए, पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की घोषणा की है। इस मामले की पूरी जांच के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस घटना ने स्थानीय समाज में अफसोस और चिंता की बातें उत्पन्न की हैं। लोग इस घटना को बेहद निन्दनीय मान रहे हैं और इस पर त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक सद्भावना के मामलों में कड़ा स्टैंड लेने वाले पुलिस अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि कानूनी कार्रवाई तत्काल होगी और दोषियों को सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** जलेसर के गांव पिलखतरा निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह का कहना है कि गांव के निवासी शेरपाल पुत्र महीपाल सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित व उसके भाई के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। अवागढ़ के गांव मीसाकला निवासी कन्हैया पुत्र रमेशपाल का आरोप है कि गांव के निवासी रामू पुत्र जयपाल सिंह समेत पांच लोगों ने एकराय होकर पीड़ित व उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। भाई को मोटरसाईकिल से अधमरा कर दिया। मारहरा के गांव पिदौरा निवासी गुड्डू दीक्षि पुत्र अवधेश दीक्षित का आरोप है कि गांव के निवासी विकास दीक्षित पुत्र मुन्नालाल दीक्षित ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। जसरथपुर के गांव नदराला निवासी अफरोज बेगम पत्नी अबरार खां का आरोप है कि गांव के निवासी इमरान खां पुत्र शमशुल खां समेत चार लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर बच्चों के साथ मारपीट की गाली गलौज करते हुए धमक दी है।

## 22 पव्वा अवैध अंग्रेजी शराब सहित एक गिरफ्तार

**एटा।** निधौलीकलां पुलिस द्वारा अवैध शराब के व्यापारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की गई है। थाना निधौली कलाँ पुलिस द्वारा किए गए इस अभियान में अवैध शराब के 22 पव्वा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के संदर्भ में एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में थाना निधौली कलाँ पुलिस द्वारा किया गया था।

गिरफ्तारी के तहत आरोपित राजकुमार पुत्र अरब सिंह, ग्राम गादुरी थाना निधौली कलां के निवासी हैं। उनसे 22 पव्वा अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तारी की गई है। थाना निधौली कलां पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उसके खिलाफवैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जे0पी0 अशोक, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, हांका कर्नेल सिंह, और हांका रवींद्र सिंह शामिल थे।

### पाइप लाइन डालने के लिए खोदकर छोड़ी गलियों से ग्रामीण परेशान

**एटा।** अवागढ़ की ग्राम पंचायत बाबरपुर के मजरा भूड़ नगरिया में सरकार की हर घर जल पहुंचाने की योजना के अंतर्गत कार्य दाई संस्था द्वारा मुख्य सड़क तथा गलियों में पाइप लाइन डालने के लिए एक माह पूर्व से खुदाई कर दी गई लेकिन पाइप लाइन नहीं डाल कर कार्य को अधूरा छोड़ दिया है, जिसके कारण निकलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तो स्थिति और भी विकराल हो गई है कि खोदे गए गड्ढों में जल भराव होने लगा है। गगन कुमार, चंद्रवीर सिंह, महेश पाल सिंह, बलवीर सिंह, जुगनू खान, पप्पू खान, हरेंद्र कुमार, आदि ने समस्या के शीघ्र निदान की मांग जिला प्रशासन से की है।

# पिता की जमीन का बड़े भाईयों ने कराया बैनामा, छोटे ने किया विरोध तो की मारपीट

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** थाना जलेसर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एक गांव में दबंग दो बड़े भाईयों ने पहले अपने नाम पिता की जमीन का बैनामा करा लिया। जब बैनामा की तहकीकात करने छोटा भाई पत्नी और दो नाबालिग बेटियों के साथ पिता के पास पहुंचा तो दोनों बड़े भाईयों और उनके परिजनों ने अनुज और अनुज वधू को मारपीट कर लहूलूहान कर दिया। जब पीड़ित परिवार घटना का अभियोग दर्ज कराने कोतवाली जलेसर पहुंचा तो पुलिस ने भी घटना को ड्रामा बताते हुए वहाँ से भगा दिया। पीड़ित परिवार ने सीओ जलेसर को प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव सालवाहनपुर निवासी निरंजना देवी पत्नी सम्मर सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके जेठ जय सिंह व जयपाल सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम सालवाहनपुर द्वारा ससुर श्यामलाल को बहकावे में लेकर कृषि भूमि का चुपचाप बैनामा करा लिया। पीड़िता के पति अपने पिता श्यामलाल से बैनामा की जानकारी करने जलेसर के सादाबाद रोड स्थित श्याम मैरिज होम पर गये थे। तभी आरोपी जय सिंह व जयपाल सिंह ने उसके पति के साथ गाली गलौज कर व लात घूसों व लाठी से मारा पीटा। चीखपुकार सुनकर पीड़िता और उसकी नाबालिग पुत्रियां तनु व अंशू अपने पति व पिता को बचाने का प्रयास किया।

मगर जय सिंह ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए पीड़िता और उसकी पुत्रियों को जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। अनहोनी की आशंका के चलते पीड़िता और उसके परिजन किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग आये। मारपीट की इस घटना में पीड़िता के हाथ में चोट व उसके पति के गुम चोट व नाबालिग पुत्री तनु के सीधी आंख के ऊपर गम्भीर चोट आयी हैं। पीड़िता का आरोप है कि जय सिंह उसके ससुर की सम्पूर्ण सम्पत्ति को हथियाना चाहते हैं। खेतों में लगा हुआ ट्यूबवेल जो मेरी सास के नाम पर है। उसमें से कृषि कार्य करने के लिए पानी नहीं देते है। जिससे पीड़िता की फसल सूख कर बर्बाद होने के कगार पर है। पूर्व में भी जय सिंह आदि पीड़िता के परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं।

पीड़िता की नाबालिग पुत्री का आरोप है कि मंगलवार को घटना के बाद वह तहरीर लेकर घटना का अभियोग दर्ज कराने कोतवाली गयी थी। जहाँ कोतवाली पुलिस ने उपहास उड़ाते हुए पीड़िता को ड्रामेबाज बताये हुए और बिना मुकदमा दर्ज किए ही थाने से भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी को तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करा कर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई गई।

# सड़क हादसों में बालक समेत दो की मौत

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों में एक बालक समेत दो लोगों की मोत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला जई निवासी अभी (3 साल) पुत्र जितेन्द्र सिंह मंगलवार की देर सायं गांव में स्कूल के पास हमउम्र साथियों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित चालक मय वाहन के फरार हो गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। घटना की रिपोर्ट जितेन्द्र ने आरोपी चालक मुकेश पुत्र हरिपाल सिंह निवासी नगला जई के खिलाफ दर्ज कराई है।

हादसे की दूसरी घटना पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाइवे स्थित पुठिया के पास की है। बताया गया है कि मंगलवार की रात 8 बजे मैनपुरी के थाना व कस्बा रिजोर ससुराल से बाइक पर सवार होकर लौट रहे नीरज सैनी (33) पुत्र देवेन्द्र सैन निवासी चन्दनियां चौक धोबी बाली गली थाना क्वार्सी जिला अलीगढ़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

## किशोरी को अगवा करने का मामला, केस दर्ज

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में घटित घटना ने समाज में अफसोस और चिंता का माहौल पैदा किया है। एक स्थानीय निवासी ने आरोप लगाया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी, जो कि गांव में मौजूद थी, अचानक गायब हो गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी के साथ गांव में ही राहुल नामक व्यक्ति को देखा गया था। आरोप है कि राहुल ही बेटी को बहलाकर भगा ले गया। इस घटना के बाद, उसने संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले के दुष्प्रभावी प्रभाव को देखते हुए, लड़की के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल एक्शन की भी मांग की है।

## पंचायत विकास संस्थान ने मनाया विश्व मजदूर दिवस

**देश में हो मजदूर पेंशन की शुरुआत की उठाई मांग**

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** पंचायत विकास संस्थान ने विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें मजदूरों की महत्वपूर्ण मांगों के बारे में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत विकास संस्थान के अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट द्वारा की गई, और उसका संचालन अन्य कार्यकर्ता ने किया।

इस मौके पर, संस्थान की कोषाध्यक्ष सरिता कुमारी एडवोकेट ने बताया कि मजदूर अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, और उन्हें सरकार की सहायता की जरूरत है। संस्थान के सचिव ने भी मजदूरों के लिए पेंशन की मांग उठाई और सरकार से इस धारा की शुरुआत करने की अपील की।

बैठक में यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मजदूरों को राहत पहुंचाने का काम लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही, बच्चों की शिक्षा और उनकी पढ़ाई के लिए भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क अध्ययन और हॉस्टल की व्यवस्था करने के लिए अत्यंत आवश्यक योजनाओं को लागू किया जाए।

बैठक के अध्यक्ष ने सरकार से अपील की है कि मजदूरों के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क अध्ययन और हॉस्टल की अधिक सुविधा प्रदान की जाए। बैठक में विनोद राजपूत, रविंद्र बघेल, आलोक राजपूत, रनवीर सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन देवेन्द्र लोधी एडवोकेट द्वारा किया गया।

## चुनावी चर्चा में किसानों की चुप्पी, खेतों के काम पर ध्यान

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**एटा।** चुनावी महौल में सभी का ध्यान नेताओं और राजनीतिज्ञों की बहस और वाद-विवाद पर है, तो एक विशेष समुदाय अपने मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। हालांकि चुनावी चर्चा में किसानों की आवाज शांत है और वे अपने खेतों के काम पर ध्यान लगाए हुए हैं।

वर्तमान समय में किसानों की सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने खेतों की देखभाल और उनकी खेती से आय बढ़ाने में है। चुनावी प्रचार-प्रसार की भीड़-भाड़ में उनका ध्यान उनकी मौजूदा स्थिति पर है, जिसमें उन्हें खेतों की सही देखभाल और पर्याप्त निवेश की जरूरत है। किसानों का कहना है कि चुनावी वाद-विवाद में उनका प्रतिभागिता तो है, लेकिन उनकी मुख्य ध्यानवश उनके कृषि कार्यों पर है। उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए अपने खेतों की देखभाल करने की जरूरत है, जिससे कि उनकी आत्मनिर्भरता मजबूत हो सके।

इस समय, किसान समुदाय ने साफ रूप से अपने मुद्दों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जो उनके जीवन और आय को सुरक्षित बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव का माहौल चल रहा है। लेकिन किसान अपने गेहूं की कटाई और मिडाई में लगे हुए हैं, क्यों कि उन्हें इसी से सालभर पेट भरना है। नेता चुनाव जीतने के बाद किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं देता। उन्हें तो अपनी खेती से ही काम है।

## मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरुक

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**एटा।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को अवागढ़ के जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव व स्वीप प्रभारी डॉ सुधीर उपाध्याय के नेतृत्व में कला अध्यापक अनिल कुमार ने मतदाता जागरूकता के सापेक्ष मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

जिसमें लौंगश्री विद्यालय ओनेरा, श्री महावीर कीर्ति दिगंबर जैन विद्यालय आवागढ, श्री चेतराम सिंह इंटर कॉलेज नरोरा, श्री गोपाल जी बालिका विद्यालय अवागढ़ एवं जनता इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिल्पी प्रथम, वैष्णवी जादौन द्वितीय, शीलेश और निक्की तृतीय, स्थान पर रहे। वही सांत्वना पुरस्कार कुमकुम, मंजू, दीप्ति, परी, राधा एवं गौरी आदि को प्रदान किया गया। रणवीर सिंह परमार, रामप्रकाश आर्य, लोकेंद्र पाल सिंह, अंकुर कुमार, मेहरबान सिंह, अमर सिंह मथुरिया एवं मुराही शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान : महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरुक

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**एटा।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत, जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया गया है। इस अभियान के तहत, जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को उनके हकों, सुरक्षा उपायों, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। इससे महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होगा और वे अपनी सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से काम कर सकेंगी। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से, स्थानीय पुलिस आदर्श महिला और बालिका सशक्तिकरण के प्रोत्साहन के लिए उन्हें सशक्त बनाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का काम कर रही है। इस योजना के अंतर्गत, महिलाओं को सक्रिय भागीदारी में बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और समाज में अपनी भूमिका को सजग बनाएं।

# पोलिंग पार्टी अच्छे से करें प्रशिक्षण प्राप्त, लापरवाही बरतने पर की जाएगी सीधी कार्रवाईः डीएम

**जिलाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी से किए गए सवाल अपने कराया मॉक पाल**

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**कासगंज।** 1 मई को कुल 28 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए श्री गणेश इण्टर कॉलेज, कासगंज में मतदान कार्मिकों को दो पालियो में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में चुनाव प्रक्रिया से संबंधी सभी मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रथम पाली में 11 व द्वितीय पाली में 19 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पीठासिनी अधिकारी प्रथम मतदान अधिकारी एवं द्वितीय मतदान अधिकारी से सवाल किए गए वही गलत जवाब देने पर उन्हें सही से पुनरू प्रशिक्षण लेने हेतु सख्त निर्देश दिए गए, वहीं उनके द्वारा पीठासीन अधिकारियों से मॉक पोल की प्रक्रिया को भी अपने समक्ष संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा दोनो पालियों में अनुपस्थित 30 कार्मिकों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, जिला प्रभारी स्वीप एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ जयंत कुमार गुप्ता, जिला प्रशिक्षण अधिकारी,अनुप्रिया सक्सेना सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विधालय में दिया चोरी का अंजाम

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र के टपरी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर विद्यालय से राशन का सामान, खेल किट, स्वच्छता किट, पंखा आदि चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले में प्रधानाध्यापक रजत कुमार ने बताया है कि बुधवार की सुबह वह स्कूल पहुंचे तो कमरों का ताला टूटा हुआ था। कमरे में अंदर से खेलकूद किट, स्वच्छता किट, गेंहू, चावल समेत अन्य सामान चोरी था। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थ्र्शल का मौका मुआयना किया और तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शार्ट सर्किट से परचून के खोखा में लगी आग, हजारों रूपए का सामान जला

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र के दरियावगंज में मंगलवार की रात शॉर्ट सर्किट से एक परचून के खोखा में आग लग गई। आग की चपेट में आकर खोखा में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

घटनाक्रम के अनुसार पटियाली थाना क्षेत्र के गांव दरियावगंज में मंगलवार की देर रात शॉर्ट सर्किट होने से परचून के खोखे में आग लग गई। खोखा से धुआं निकलते देख लोग एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान स्वामी संदीप यादव को भी पहुंच गए। स्थानीय पुलिस भी रात में ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दमकल गाड़ी को बुलाया। दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान आसपास के लोगों में अफरा-तफरी भी रही। दमकल कर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक खोखा में रखा हजारों रुपये का सामान जल गया।

# फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**कासगंज।** सहावर क्षेत्र में बैनामा के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफश किया है। पुलिस ने मामले में फर्जी बैनामा करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से फर्जी आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैनामा लेखपत्र दस्तावेज, 1.14 लाख रुपये के ई स्टांप, दस हजार पांच सौ रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

सहावर इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि सहावर थाना में अभिषेक मिश्रा पुत्र नवीन कुमार मिश्रा निवासी जौहरी ने अपनी जमीन को धोखाधडी कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रोहताश पुत्र यादराम निवासी महेशपुर थाना अमांपुर समेत सात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोहताश पुत्र दयाराम निवासी महेशपुर अमांपुर, आकाश पुत्र चन्द्र पाल, पुरुषोत्तम पुत्र श्रीकृष्ण निवासीगण मोहल्ला चौक बुलन्द सहावर, अफरोज पुत्र शौकत अली निवासी मोहल्ला झण्डा सहावर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड पैनकार्ड, बैनामा लेखपत्र दस्तावेज, एक लाख 14 हजार रुपये के ई-स्टाम्प, 10,500 रूपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई प्रेम सिंह, हरजीत सिंह व अन्य हमराह शामिल रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**कासगंज।** अमांपुर कस्बा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जानकी मंदिर पर हवन एवं बजरंग वली का अभिषेक हुआ। शाम को अंजनिपुत्र रामभक्त हनुमान की बैन्ड बाजों और आकर्षित झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जानकी मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ शिक्षा मन्त्री संदीप राजपूत, विधायक हरिओम वर्मा, वेदान्ताचार्य दण्डी स्वामी विशुद्धनन्द सरस्वती महाराज, नगर संघचालक राकेश पाराशर, ब्लॉक प्रमुख कृष्ण प्रताप सिंह, चेयरमैन चांद अली, अध्यक्ष रामलाल साहू, धीरज गुप्ता, विजयप्रकाश गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से श्रीराम, भगवान लक्ष्मण व हनुमान के स्वरूप का पूजन व आरती कर किया। शोभायात्रा कालेज रोड स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर बारहद्वारी, सराफ बाजार, एटा रोड, सहावर रोड, ददवारा, गुडमंडी आदि क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए गुजरी। इस दौरान इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौर, मनोज शर्मा, प्रेमपाल सिंह, मुकेश कुमार के अलावा क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा,रोचक चौहान, सन्तोष पालीवाल, संजीव माहेश्वरी मौजूद रहे।

# महिला जाग्रति संघ एटा का प्रथम स्थापना दिवस मनाया

**अमर प्रभात ब्यूरो**



**एटा।** माता रमाबाई अम्बेडकर प्रबु महिला जाग्रति संघ एटा का प्रथम स्थापना दिवस '25 अप्रैल 2024' को हर्षोल्लास के साथ 'स्मृति दिवस के रूप में' संगठन की प्रवक्ता श्रद्धेया ममता सिंह जीवन संगिनी श्रद्धेय रतन सिंह के निज निवास न्यू श्याम नगर जेल के पीछे एटा पर मनाया गया जिसमें संगठन के सम्मानित पदाधिकारी/ सदस्यध्कर्मचारी गण के अतिरिक्त मार्गदर्शक मंडल के सम्मानित सदस्य तथा अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। माता रमाबाई अंबेडकर संगठन के विशेष अतिथि व संघ के पितामह श्रद्धेय कमलेश कुमार गौतम एवं श्रद्धेय मार्गदर्शक मंडल के अग्रणी श्रद्धेय उमेश प्रताप सिंह दिनकर जी तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रद्धेय प्रेम प्रकाश श्रद्धेय रतन सिंह श्रद्धेय राजू राम रतन श्रद्धेय सत्यपाल सिंह जी तथा श्रद्धेय शैलेंद्र कुमार जी आदि उपस्थित रहे। संगठन की अध्यक्ष डा. मालती सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया और कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन, कुशल नेतृत्व, पारस्परिक सहयोग तथा उत्साहवर्धन से हमारे संगठन को नई दिशा और दशा मिली है। कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के पदाधिकारीगण कामिनी माथुर जीएरजनी चौधरी, महिमा सिंह, आरती सिंहख्अल्का सिंहख्ज्ञान किशोरी, सुनीता बौद्ध, रीना सिंह, विनीता, सीमा सिंह, शशिबाला सुमनलता बौद्ध पूर्णिमा सिंह जी। बाल मिशनरी अग्रिमा कौशल, अभिनव कौशल, कृष्णा, वंशिका सिंह मौजूद रहे।

# कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम ईश्वरप्पा को भाजपा ने पार्टी से निकाला

**भाजपा ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोग्गा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला करने वाले वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। ईश्वरप्पा ने इस महीने की शुरुआत में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। ऐसी रिपोर्ट है कि भाजपा ने उनके बेटे केई कंथेश को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उनकी जगह पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र को मैदान में उतारा था। येदियुरप्पा और उनके बेटे का जिक्र करते हुए, ईश्वरप्पा ने कहा था कि वह भाजपा को पिता और पुत्र के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। गौर हो कि शिवमोग्गा में आम चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।**

भाजपा ने पार्टी अनुशासन के उल्लंघन में कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम ईश्वरप्पा को छह साल के लिए पार्टी से बाहर निकाल दिया है। उन्होंने येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। भाजपा ने पार्टी अनुशासन के उल्लंघन में कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा को छह साल के लिए पार्टी से बाहर निकाल दिया है। ईश्वरप्पा ने पार्टी हाई कमान के लाख मना करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय उम्मीदवारी छोड़ने से साफ मना कर दिया था। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ चुनावी ताल ठोकी है। उन्होंने येदियुरप्पा और उनके बेटे का जिक्र करते हुए भाजपा पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया था कि वह भाजपा को पिता और पुत्रों की राजनीति से मुक्त करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोग्गा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला करने वाले वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। ईश्वरप्पा ने इस महीने की शुरुआत में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। ऐसी रिपोर्ट है कि भाजपा ने उनके बेटे केई कंथेश को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उनकी जगह पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र को मैदान में उतारा था। येदियुरप्पा और उनके बेटे का जिक्र करते हुए, ईश्वरप्पा ने कहा था कि वह भाजपा को पिता और पुत्र के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। गौर हो कि शिवमोग्गा में आम चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।

**चुनाव प्रचार में मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल-** पूर्व उपमुख्यमंत्री तब विवादों में आ गए थे जब उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया और चुनाव प्रचार के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल किया। इसके बाद, भाजपा ने 10 अप्रैल को ईश्वरप्पा को मोदी की तस्वीर का उपयोग करने से रोकने के लिए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की थी। जिसमें कहा गया कि ईश्वरप्पा जनता को गुमराह कर रहे हैं कि वह पीएम मोदी और भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## शाह के कहने पर भी नहीं माने

शिकायत में कहा गया, यह ऐसा दर्शाता है कि वह भाजपा का हिस्सा है, जो गलत है। कुछ दिनों बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ईश्वरप्पा को फोन कर अपनी उम्मीदवारी वापस लेने को कहा था। हालांकि, उन्होंने अनुरोध अस्वीकार कर दिया था और दावेदारी जारी रखी।13 अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, ईश्वरप्पा ने कहा, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं अपना नामांकन पत्र वापस ले लूंगा। जो लोग मेरे पीछेलगे हैं, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि मैं कभी विश्वासघात नहीं करूंगा और मैदान में डटा रहूंगा।



## कौन हैं मनोज कुमार भारती जिन्हें कांग्रेस ने सासाराम लोकसभा सीट से दिया है टिकट?

कांग्रेस ने बिहार के सासाराम लोकसभा सीट से मनोज कुमार भारती को उम्मीदवार बनाया है। मनोज कुमार पिछले लोकसभा चुनाव में सासाराम से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे। मनोज कुमार कैमूर जिला के कुदरा प्रखंड के सकरी गांव के निवासी हैं। उनकी मैट्रिक तक की पढ़ाई कुदरा के जेएमसी विद्यालय से हुई है। वहीं उन्होंने रूलर ऑफ डेवलपमेंट की पढ़ाई पटना इग्नू से की है। उनकी मां यशोदा देवी आजीवन कांग्रेसी रही हैं। पार्टी में कैमूर महिला सेल की अध्यक्ष भी रही हैं। मनोज कुमार के राजनीतिक कॅरियर का आगाज 2016-17 में हुआ। कुछ समय के लिए मनोज कुमार ने मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी से भी जुड़े थे। गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और कांग्रेस नेता मीरा कुमार ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया था। रही हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मीरा कुमार ने कहा था कि 2024 के आम चुनाव मे मैंने नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी। बता दें कि मीरा कुमार बिहार की सासाराम सीट से पांच बार सांसद रह चुकी हैं। जब केंद्र में यूपीए सत्ता में थी, तब मीरा कुमार को 2009 में लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया था। उनके पिता जगजीवन राम 1952 के प्रथम चुनाव से 1986 तक सासाराम लोकसभा से लगातार आठ बार सांसद रहे थे।



# लोकसभा चुनाव प्रचार से गायब प्रियंका गांधी !

**कांग्रेस मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की सभाएं भी करवाएगी। पार्टी ने इसके लिए उज्जैन, देवास और मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को तीन चुनावी सभाएं प्लान की हैं। इस कार्यक्रम में पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आने का भी कार्यक्रम है। कांग्रेस चाहती है कि प्रियंका गांधी मालवा क्षेत्र के साथ-साथ ग्वालियर और चंबल अंचल में भी सभा करने आएं।**

## एमपी में पिछड़े वर्ग को रिझाने के लिए कांग्रेस का सिक्रेट प्लान

(अंबिकेश्वर चतुर्वेदी)

मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 6 पर 19 अप्रैल को पहले चरण के तहत मतदान हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहां सिर्फ एक ही चुनावी सभा को संबोधित किया, वहीं उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रचार मैदान से गायब दिखीं। अब प्रदेश कांग्रेस ने दूसरे, तीसरे और चौथे चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए नई रणनीति बनाई है। अब कांग्रेस प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और सचिन पायलट को प्रचार के लिए मैदान में उतरने की तैयारी में है।

अप्रैल को मुरैना में प्रस्तावित था, लेकिन यह दौरा टल गया है।

मंदसौर से कांग्रेस ने दिलीप सिंह गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। ये वही दिलीप सिंह गुर्जर है जो पिछले विधानसभा चुनाव में नागदा खाचरोद विधानसभा में चुनाव हार गए थे। वहीं उज्जैन लोकसभा सीट से कांग्रेस ने तराना विधायक महेश परमार को चुनाव मैदान में उतारा है।

विधानसभा में जोर-शोर से उतरी थीं प्रियंका गांधी

बता दें कि मध्य प्रदेश में वर्ष 2023 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी ने धुआंधार



कांग्रेस मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की सभाएं भी करवाएगी। पार्टी ने इसके लिए उज्जैन, देवास और मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को तीन चुनावी सभाएं प्लान की हैं। इस कार्यक्रम में पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आने का भी कार्यक्रम है। कांग्रेस चाहती है कि प्रियंका गांधी मालवा क्षेत्र के साथ-साथ ग्वालियर और चंबल अंचल में भी सभा करने आएं। कांग्रेस के प्लान के मुताबिक राजस्थान के कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट देवास लोकसभा क्षेत्र के सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करेंगे। वह उज्जैन और मंदसौर में भी कार्यकर्ताओं से साथ बैठक करेंगे। आपको बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम 24

प्रचार किया था। उन्होंने जबलपुर से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। प्रियंका गांधी ने तब ग्वालियर में भी चुनावी महासभा को संबोधित किया था और उन्होंने प्रदेश में रैलियां की थी।

## लोकसभा में दिख रहीं गायब

प्रदेश में अब तक 29 में से 6 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है। लेकिन प्रियंका गांधी का कोई प्रोग्राम नहीं बन पाया है, जबकि उनके भाई राहुल गांधी पहले चरण के तहत हुए मतदान के लिए एक बार ही मध्य प्रदेश आए हैं। उन्होंने जनजातीय बहुल शहडोल और मंडला में चुनावी सभा की थी। राहुल गांधी आज सतना में सभा करने वाले थे, लेकिन उनका यह कार्यक्रम चल गया। इसके पीछे कांग्रेस ने उनका स्वास्थ्य खराब होने का कारण बताया है।

# कहीं अधूरी जानकारी तो कहीं प्रस्तावक ही नदारद

## इन सीटों पर खारिज हो चुका विपक्षी उम्मीदवारों का पर्चा

लोकसभा चुनाव में दूसरे फेज की वोटिंग 26 अप्रैल को है। इससे ठीक पहले कांग्रेस, एसपी, बीएसपी को तगड़ा झटका लगा है। अलग-अलग जगहों पर तीनों ही पार्टियों के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द हुआ है। आखिर चुनाव में उतरने वाले कैंडिडेट्स का पर्चा खारिज क्यों होता है, जानिए हर एक बात। 2024 के चुनावी रण में पहले दौर की वोटिंग संपन्न हो चुकी है। अब 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान है। इसे लेकर सभी पार्टियां प्रचार अभियान में जुटी हैं। वहीं इस चुनाव में कई सीटें ऐसी भी रहीं जहां उम्मीदवारों के पर्चे ठीक से भरे नहीं होने की वजह से खारिज कर दिए गए। इस फेहरिस्त में कांग्रेस, बीएसपी और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार भी शामिल हैं। सबसे ताजा मामला गुजरात के सूरत लोकसभा सीट पर सामने आया, जहां कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द हो गया। इसके पहले कुछ और नेताओं के साथ भी ऐसा ही हुआ है। मध्य प्रदेश के खजुराहो लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी का भी पर्चा खारिज हुआ। वहीं उत्तर प्रदेश की आंवला और बरेली लोकसभा सीट से बीएसपी उम्मीदवारों का पर्चा रद्द होने से पार्टी को तगड़ा झटका लगा है।



## कैसे खारिज होता है नामांकन?

चुनाव तारीखों का ऐलान करने के साथ ही इलेक्शन कमीशन नामांकन की तारीख से लेकर नाम वापसी की डेट तक पूरा शेड्यूल जारी करता है। जैसे ही नामांकन का दौर शुरू होता है तो अलग-अलग पार्टियों के उम्मीदवार और निर्दलीय कैंडिडेट नामांकन करते हैं। कोई भी नागरिक इसमें नामांकन कर सकता है, इसके लिए उसका नाम वोटिंग लिस्ट में होना जरूरी है। नामांकन के दौरान उम्मीदवारों को फॉर्म दिया जाता है, जिसमें सभी जरूरी जानकारियां देनी होती हैं। अगर पर्चा भरते समय कोई गलत जानकारी दी गई या फिर फॉर्म गलत या अधूरा भरा गया तो भी नामांकन रद्द हो सकता है। नामांकन प्रक्रिया समेत चुनावी कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी की भूमिका अहम हो जाती है।

**सूरत में क्यों रद्द हुआ कांग्रेस कैंडिडेट का नामांकन-** गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले कांग्रेस तगड़ा झटका लगा है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी और उनके डमी कैंडिडेट के नामांकन को निर्वाचन अधिकारी ने रद्द कर दिया है। बीजेपी की तरफ से निर्वाचन अधिकारी को शिकायत दी गई थी कि कुंभाणी और डमी उम्मीदवार के नामांकन में जिन प्रस्तावकों ने साइन किए हैं वो सही नहीं हैं। इसी के बाद विवाद बढ़ा और निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस के कैंडिडेट को अपना पक्ष रखने का मौका दिया था। 21 अप्रैल को 11 बजे कांग्रेस का पक्ष सुनने के बाद जिला कलेक्टर/निर्वाचन अधिकारी ने दोनों फॉर्म रद्द कर दिए। कांग्रेस ने इसके लिए बीजेपी पर निशाना साधा।

- **आंवला में बीएसपी से टिकट का दावा करने वाले का नामांकन रद्द-** वहीं आंवला सीट से चुनाव लड़ने वाले सत्यवीर सिंह का भी पर्चा खारिज हुआ है। सत्यवीर अपने आपको बीएसपी का उम्मीदवार बता रहे थे, लेकिन पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सिंबल आबिद अली को दे दिया। आरोप है कि सत्यवीर फर्जी लेटर लगाकर अपनी दावेदारी जता रहे थे। मायावती के फैसले से सत्यवीर सिंह को करारा झटका लगा। रिटर्निंग ऑफिसर ने बीएसपी मुखिया से बात करने के बाद सत्यवीर सिंह का पर्चा खारिज कर दिया। आंवला और बरेली सीट पर दूसरे फेज में वोटिंग है।
- **खजुराहो में सपा कैंडिडेट का नामांकन रद्द-** इससे पहले समाजवादी पार्टी के भी एक उम्मीदवार का नामांकन खारिज हुआ है। ये मामला मध्य प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट का है। समाजवादी पार्टी मीरा यादव को खजुराहो सीट से टिकट दिया था। हालांकि, उनके नामांकन को रिजेक्ट कर दिया गया। सपा उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने पर पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए थे। अखिलेश यादव ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए। किसी उम्मीदवार का पर्चा निरस्त करना लोकतांत्रिक अपराध है। सपा ने बीजेपी उम्मीदवार वीडी शर्मा के खिलाफ मीरा यादव को मैदान में उतारा था। खजुराहो में भी दूसरे फेज में वोटिंग है।
- **शिवमोग्गा में आप कैंडिडेट का पर्चा खारिज-** कर्नाटक के शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन खारिज हुआ। आप कैंडिडेट सुभान खान का पर्चा खारिज कर दिया गया। बताया जा रहा कि सुभान खान ने पार्टी का बी-फॉर्म जमा नहीं किया था। हालांकि, उन्हें एक इंडीपेंडेट उम्मीदवार के रूप में मानने का कोई मौका नहीं था क्योंकि उन्होंने केवल दो प्रस्तावकों का जिक्र किया था।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराएं सुनिश्चित : सामान्य प्रेक्षक

## निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा, प्रेक्षक ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे ने बुधवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 4 मई को जनपद के सभी ग्रामों में एक दिन-एक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद में मतदान के दिन त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए। आमजन को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, पोस्टर, फ्लेक्स आदि लगाए जाए। उन्होंने कहा कि




एआरओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट एसएसटी टीम को चेक करें तथा उनका विजिटर रजिस्टर बनाएं। उन्होंने कहा कि टीम को मुख्यतः रात में चेक करें। मतदान के दिन मतदान निर्वाद्य रूप से जारी रहे इसलिए मतदान दल नाश्ता और दोपहर का भोजन इस प्रकार करें कि मतदान निर्बाध रूप से जारी रहे। नाश्ता प्रातः 7:00 से पहले तथा दोपहर का भोजन ऐसे समय करें जब मतदान बूथ पर कम भीड़ हो। उन्होंने मतदान प्रतिशत में बढ़ाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लेने के लिए कहा। पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे ने कहा कि पुलिस विभाग की पुलिस अधिकारी ड्यूटी चार्ट पर साइन कर उसको अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि निर्वाचन को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान केंद्रो व बूथों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया गया है। मतदान के दिन बूथ पर छाया व पीने के पानी की व्यवस्था भी होगी तथा लाइन में खड़े दिव्यांग व बुजुर्गों के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 4 मई को जनपद के सभी ग्रामों में एक दिन एक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित कर मतदाता जागरुकता रैली निकाली जाएगी तथा मतदान की शपथ भी दिलाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि जनपद में मतदान के दिन त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिसमें इनर सर्कल, आइसोलेशन सर्कल व आउटर सर्किल रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में मतदान के दिन पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, सभी उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व लें अनुमति :डीईओ

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत मतदान दिवस 7 मई को जनपद के 50 प्रतिशत से अधिक बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जा जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। सभी राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है कि जो भी कार्यक्रम आयोजित करें उसकी पूर्व अनुमति अवश्य लें।

उन्होंने बताया कि जनपद में धारा 144 प्रभावी है, इसका अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का भी गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण कराया जा रहा है।

# प्रेक्षक व डीईओ ने लिया निर्वाचन की तैयारियों का जायज़ा, दिए निर्देश

## आमजन 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव, पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ मंडी समिति में बनाए गए पोलिंग पार्टी रवानगी व वापसी स्थल, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल आदि व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वह लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

प्रेक्षक व अधिकारियों ने मण्डी में प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था आदि विभिन्न पहलुओं पर निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 06 मई को मण्डी समिति से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी, 07 मई को जनपद में मतदान होगा, मतदान समाप्ति उपरान्त पोलिंग पार्टियों की वापसी मण्डी समिति में होगी तथा मतगणना 04 जून होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल मतगणना के दिन व पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोग की मंशा अनुरूप मतदान केंद्रो व बूथों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया गया है।इस अवसर पर एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी (वित्त) वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार पलटने से दो घायल

**बदायूं।** बिसौली के पास मुरादाबाद हाईवे पर गांव बसई के पास एक कार का टायर फट गया जिससे कार खाई में पलट गयी। बताया जाता है कि बिसौली के पास मुरादाबाद हाईवे पर गांव वसई के पास अचानक से एक कार का टायर फट गया जिससे कार अनियंत्रित होकर खदीं में पलट गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया है।



# शट डाउन के चलते छह घंटे ठप रही नगर की बिजली

**बिल्सी।** बुधवार को उझानी से रिसौली उपकेंद्र को जा रही मुख्य लाइन में कुछ तकनीकी कार्य होने के कारण शट डाउन रहा। इससे नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब साढ़े छह घंटे तक ठप रही। जिससे लोगों को इस गर्मी में काफी परेशानी उठानी पड़ी।

अवर अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि उझानी 132 केवीए उपकेंद्र से तहसील क्षेत्र के गांव रिसौली स्थित उपकेंद्र को जा रही मुख्य लाइन में सुबह 11 से पांच बजे तक कुछ तकनीकी कार्य किया गया। इससे बिल्सी नगर क्षेत्र के उपकेंद्र का भी शट डाउन लेना पड़ा। शाम करीब पांच बजे आपूर्ति सुचारू की गई।

# बच्चों को समझाया मजदूर दिवस का महत्व

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** नगर क्षेत्र के उझानी रोड स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को लेबर डे मनाया गया। सुबह प्रार्थना सभा हुई जिसमें छात्राओं ने अपने साथियों के साथ श्रम की गरिमा से परिचित करवाने के लिए और किसी भी काम को छोटा ना समझने के लिए भाषण दिए। तथा श्रमिक वर्ग के कर्मचारियों को विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए हुए शुभकामनाओं से भरे सुंदर कार्ड भेंट करके उन्हें इस विशेष दिवस पर बधाई दी।

स्कूल की प्रधानाचार्या शीबा खान ने स्कूल में काम कर रहे कर्मचारियों को उपहार देकर



सम्मानित किया और सबने साथ बैठकर जलपान किया। तथा सभी कर्मचारियों को इस दिन की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में कोई भी छोटा-बड़ा नहीं है, बल्कि सभी एक परिवार की तरह हैं। और बताया कि किसी भी देश की प्रगति का मुख्य आधार वहां के श्रमिक ही होते हैं। बड़े-बड़े अफसर या बुद्धिजीवी प्रगति की रूपरेखा तैयार करते हैं परंतु उन्हें वास्तविक रूप श्रमिक ही प्रदान करते हैं। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि कर्मचारियों को भरपूर सम्मान दें।

# कछला में ट्रेन से गिरकर युवक की हालत गम्भीर

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** बुधवार को दूसरे दिन भी कछला क्षेत्र में ट्रेन हादसा होने से युवक गम्भीर दशा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पता चला हैकि जनपद के कस्बा उसहैत निवासी युवक कौशल कुमार पुत्र सोवरन सिंह हरियाणा में रहकर नौकरी करता है।एक मई को वो घर से हरियाणा जाने के ट्रेन में सवार हुआ था।तह ट्रेन जब कछला पहुंची तो युवक किसी ढंग से गाडी से गिरकर गंभीर घायल हो गया।जिसे तत्काल क्षेत्रीय अस्पताल के बाद जिला मुख्यालय लाकर भर्ती कराया गया। हादसे के सूचना पर उसहैत निवासी परिजन भी अस्पताल पहुंच गये थे।ध्यान रहे कि मंगलवार को भी कछला ब्रिज पर ट्रेन से गिरकर भरतपुर निवासी महिला की मौत हो गयी थी।

# स्कूल में हुआ अंग्रेजी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में आज कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों के लिए मदर्स डे के संदर्भ में अंग्रेजी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय माई मदर था।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बच्चों ने अपनी काव्य प्रतिभा के साथ-साथ माँ के प्रति अपने प्रेम और संवेदनाओं को व्यक्त किया। जिसमें कक्षा 1 से स्तुति, कक्षा 2 से शौर्य पाल, कक्षा 3 से गीत तोमर, कक्षा 4 से अपूर्वा मिश्रा, कक्षा 5 से आरना एवं कक्षा 6 से कृषभ शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 6 के कृषभ शर्मा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शिक्षिका ज्योति ने जानकारी दी।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ ज्ञान का चहुँमुखी विकास होता है। साहित्य और लेखन के प्रति अभिरूचि जाग्रत होती है। उन्होंने आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लोगों को अपने कर्म के प्रति निष्ठावान होने के साथ-साथ परिश्रम से जीवन में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होने के बारे में प्रेरित किया।

# नींद ना पूरी होना चिंता का विषय भी बन जाता है : डा. चारु

## कैंप में 110 गर्भवती महिलाओं ने कराया अपना चेकअप

अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की 110 से अधिक गर्भवती महिलाओं का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह भी दी गई।

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. चारु वार्ष्णेय ने बताया कि गर्भावस्था का समय एक बहुत नाजुक समय होता है। यह स्त्रियों के लिए उनकी जिंदगी का एक नया मोड़ होता है।



इसके साथ साथ महिलाओं के लिए काफी कठिन भी रहता है। ऐसी हालत में महिलाओं को देखभाल की सख्त जरूरत रहती है। गर्भावस्था में महिलाओं को चाहिए कि वह 7 से 9 घंटे की नींद अच्छे तरीके से लें। बहुत सी ऐसी महिलाएं होती हैं जो काम काज के चक्कर में पूरी नींद नहीं ले पाती। फिर इसके कारण उनको थकावट महसूस होती है। कई बार तो नींद ना पूरी होना चिंता का विषय भी बन जाता है।

इस अवसर पर डा. जयश्री शर्मा, शशिवाला, सुमन शर्मा व खुशबू आदि मौजूद रही।

# कच्ची शराब और शस्त्र समेत जिले में कई लोग गिरफ्तार

**बदायूं।**लोकसभा चुनाव के किसी प्रकार अशांति रोकने के लिए जिला पुलिस वांछितो और खुराफाती तत्वों की गिरफ्तारी हेतु अभियान सुचारू रखे है।इसी के तहत बीते 24 घंटे के भीतर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में कई लोग कच्ची दारू बरामद होने पर जेल भेजे गये है। इसक्रम में ध्यान दें कि सदर कोतवाली पुलिस द्वारा तीन लोगों की गिरफ्तारी की गयी।इसके अंतर्गत अभियुक्त मोईन पुत्र इजरायल नि0 मोहल्ला खंडसारी को दस लीटर अवैध शराब खाम के साथ रामलीला मंच गांधी ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया।शहर के रजी चौक निवासी अभियुक्त मोश रफीक पुत साबिर तथा मुकेश पुत्र छोटे लाल निवासी गली सैय्यद गंज और सौरभ पुत्र बृजकिशोर निवासी मो0 लोटनपुरा के कब्जे से अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।जिनकी गिरफ्तारी और दारु बरामदगी के बाद उपरोक्त सभी को जिला कारागार भेजा गया है।

**अलापुर।** थाना पुलिस द्वारा वुधवार को अभियुक्त मुनेश पुत्र पातीराम नि0 मौहल्ला इमलिया नगला कस्बा व वीरपाल पुत्र हेमराज नि0 ग्राम रमनगला तथा अभियुक्त सुभाष पुत्र लालाराम नि0 वार्ड नं0 08 कस्बा अलापुर को अलग-अलग स्थानों से मय कच्ची शराव के साथ पकड़ा गया।इनके पास से माल बरामदगी के बाद सभी को मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया गया है।

सम्मन बिनावर इनफिलास मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
नम्बर मुकदमा
टी202312070116107
व अदालत श्रीमान एस.डी.ओ.
जिला बदायूं

स्वालीन पुत्र आसिफ हुसैन , मु. यामीन पुत्र आसिफ हुसैन, निवासीगण मो. मीरा सराय जिला बदायूं

**बनाम**

1-पप्पू, 2- गुड्डू, 3- इवरान पुत्रगण मु. इशहाक, 4- मुशाहिद, 5- फरहान पुत्रगण रिजवान, 6- श्रीमती नियाजबीन पत्नी रिजवान, 7- वसीम, 8- जसीम, 9- अजीम पुत्रगण यासीन, 10-श्रीमती मुन्नी पत्नी स्व. यासीन, 11- सलीम, 12- जुबेर पुत्रगण मुन्ने, 13-श्रीमती अशरफ पत्नी मुन्ने, 14- मुहम्मद इदरीश, 15-बाबू, 16-मुहम्मद रफीक पुत्रगण आसिफ हुसैन, 17- सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलक्टर साहब, बदायूं।
18- गांव सभा/गांव पंचायत ग्राम मीरा पट्टी, पर. बदायूं द्वाराप्रधान नि. ग्राम मीरा पट्टी, पर. बदायूं, तह. बदायूं जिला बदायूं।
धारा-144 यूपीआरसी
ग्रा.-मीरा पट्टी पर. बदायूं, तह. व जिला बदायूं।

हरगाह प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.05.2024, धारा-144 यूपीआरसी बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फ वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया हो और जो कुल उमूर अहम मुतालिक में मुकदमा के जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवाला का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही कादावा करें और हर माह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिलास कतई मुकदमा के तजबीज हुई पर आपसी लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की जिनही सहादत पर बीच तमाम दस्तावेजात का जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें।

आपको इत्तिलादी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर के आपके मसमूआ फैसला होगा।
ता. पेशी-04.05.2024
**न्यायालय उपजिलाधिकारी बदायूं**

# हज यात्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण सम्पन्न

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ. ख़ालिद ने बताया है कि हज 2024 पर जाने वाले हज यात्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं दो दिवसीय वैक्सीनेशन, टीकाकरण सम्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि ज़िला महिला अस्पताल स्थित अचल प्रशिक्षण केन्द्र में हज 2024 के लिए जाने वाले समस्त हज यात्रियों को मैनिनगोकॉकल मैनिनजाइटिस वैक्सीन तथा सीजनल इन्फलुएन्जा वैक्सीन, टीकाकरण ज़िला महिला अस्पताल की वैक्सीनेशन, टीकाकरण टीम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन, टीकाकरण चिकित्सकों क़मर इक़बाल, असलम एवं आसिफ़ हुसैन की देखरेख में नर्स फ़रहा सलीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक मुहम्मद अली, ज़िला हज कमेटी के सदस्य अफ़ज़ाल हुसैन एवं मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर के पूर्व प्रधानाचार्य मुफ़ती शमशाद हुसैन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के मुअज़्ज़म यार ख़ां, अनुदानित मदरसों मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर तथा मदरसा आलिया क़ादरिया मौलवी टोला के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा।

## 5 मई को होगा अन्तिम प्रशिक्षण

**बदायूं।** हज यात्रियों के लिए तृतीय एवं अन्तिम प्रशिक्षण 5 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त हज यात्रियों का प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

# विहिप ने मतदान के लिए किया प्रेरित

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत के कार्यकारी सदस्य मणिकांत शर्मा के नेतृत्व में आज 23-लोकसभा सीट पर अधिकाधिक मतदान के लिए बुद्धवार से डोर टू डोर संपर्क अभियान शुरू किया गया।इस जागरूकता अभियान में जिला मंत्री उज्जवल गुप्ता,डीएन शर्मा ,महेंद्र पाल सिंह, नीरज कोचर ,राजीव जौहरी, शंकर प्रजापति ,अरविंद गुप्ता ,रचना शंखधार मनी भदोरिया ,अचल सक्सेना, अवधेश भदौरिया ,शिवम जौहरी ,मयंक प्रताप सिंह, मयूर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता का निधन ,कछला में हुई अन्त्येष्टि

अमर प्रभात संवाद

**उझानी।** नगर के एमजीएनपी इंटर कालेज के प्रवक्ता रहे राजेंद्र प्रसाद सक्सेना का मंगलवार की शाम इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में निधन हो गया।इस खबर के आम होने पर श्री सक्सेना के परिचितों और रिश्तेदारों में शोक छा गया था।दूसरे दिवस बुधवार को कछला भागीरथी के तट पर पूर्व प्रवक्ता की देह को मुखाग्नि दी गयी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार राजेन्द्र सक्सेना अस्वस्थ्य होकर करीब सप्ताहभर से बरेली स्थित निजी



अस्पताल में इलाजरत रहे।इधर उनके पुत्र अभिनव सक्सेना मीडिया संस्थान से जुड़े है लिहाजा साथी को पितृशोक होने की सूचना मिलने पर तमाम पत्रकार बंधुओं ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल अभिनव और परिजनों को असीम दुःख के समय ढाढस बंधाया।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र योगेन्द्र कुमार ने मेरी बिना सहमति के अपनी इच्छानुसार प्रियंका यादव पुत्री ओमप्रकाश यादव, निवासी बरेली से शादी कर ली है और अपनी पत्नी की इच्छापूर्ति के लिए अलग रहने हेतु दबाव बना रहा है। इसकी पत्नी प्रियंका यादव द्वारा मेरे अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ अनावश्यक रूप से लड़ाई झगड़ा एवं अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार किये जाने के कारण मैं छत्रपाल सिंह सशपथ अपने पुत्र उक्त योगेन्द्र कुमार को अपनी चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल घोषित करता हूं। भविष्य में इसके लिए किसी भी प्रकार के कृत्य एवं लेन-देन के लिए मैं उत्तरदायी नहीं होऊंगा।

**छत्रपाल सिंह पुत्र स्व. हरस्वरूप सिंह यादव निवासी ग्राम व पोस्ट आसफपुर थाना फैजगंज बेहटा तहसील बिसौली जिला बदायूं**

# स्कूली बच्चों ने मतदान के लिए किया जागरूक

अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मुड़िया धुरे की में मतदान जागरूकता रैली निकाल कर सभी लोगों को आने वाली 7 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बुधवार को विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को विद्यालय से रवाना किया एवं कहा की राष्ट के विकास एवं उत्थान के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू एल बत्रा ने कहा की मतदान करना हमारे देश में उत्सव माना जाता है इस उत्सव में



सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेना चाहिए। बच्चों ने बहुत सुन्दर-सुन्दर होर्डिंग बनाकर एवं मतदान जागरूकता से संदर्भित नारे लगाकर पूरे कस्बे में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम प्रभारी शारदा बबेजा ने मतदान के महत्व को समझाते हुए बच्चों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी यशपाल सिंह परमार, विष्णु वार्ष्णेय, सुजीत सिंह, अखिलेश ठाकुर, पवन शर्मा, दिव्य प्रताप सिंह, सविता उपाध्याय, अनीता गुप्ता और रोमा कपूर आदि शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रही।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जूनियर हाईस्कूल के बच्चे सम्मानित

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** विकासखंड जगत क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में बुधवार को अप्रैल माह में उपस्थिति की समीक्षा उपरांत कक्षाओं में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके तहत इंचार्ज प्रधानाध्यापक गीता सिंह ने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित किया और कहा कि शैक्षिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान शत प्रतिशत उपस्थित रहने पर कक्षा छह की छात्रा




कुमारी नीतू, कुमारी शिवानी, कक्षा सात की कु.वर्षा तथा कक्षा आठ की छात्रा कुमारी प्रिया एवं छात्र बादल, अर्जुन ,अंकेश आदि को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार मिलते ही सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस आयोजन में शिक्षिका संगीता रस्तोगी , प्रतिभा सिंह ,श्वेता गुप्ता, शिक्षक राजीव कुमार, अनुदेशक मिथिलेश, कुसुम लता और करुणेश आदि मौजूद रहे।

# पीएम के नेतृत्व में नई सोच-नये भारत का निर्माण हो रहा : रक्षामंत्री

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कोरोना काल एवं वैक्सीन पर की मोदी की तारीफ, कहा-सपा को समाप्त पार्टी तथा कांग्रेस को डायनासोर की तरह विलुप्त हों बताया**





अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जनपद में चुनावी जनसभा करने पहुंचे।उन्होंने दातागंज तहसील क्षेत्रान्तर्गत गंगोला स्थित कालेज मैदान में आंवला लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप एवं बदायूं से उम्मीदवार दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में यह संयुक्त जनसभा संबोधित कीद्य

बदायूं पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत माता के जयकारे के साथ अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में उनके प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया था कि हम गरीबों को एक रुपया भेजते हैं तो उनके खाते में 12 पैसे ही पहुंचाते हैं आज भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में पूरा का पूरा पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंचता है मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर देश को भ्रष्टाचार से मुक्त किया हैद्य राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना संकट काल का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकट समय में सभी लोग प्रभावित रहे।तब हमारे यहां कोरोना की वैक्सीन नहीं बनती, प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से बात की और उसके बाद कोरोना का टीका तैयार किया। भारत दुनिया का अकेला देश है जहां के नागरिकों को दो से लेकर तीन डोज तक कोरोना की वैक्सीन लगीं।अमेरिका में लोग यह दावा नहीं कर सकते कि उनको दो या तीन वैक्सीन लगीं हों। दुनिया के सौ देशों को हमने कोरोना वैक्सीन देने का काम किया है।

उन्होंने यूक्रेन की लड़ाई का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि यूक्रेन में फंसे बच्चों के माता-पिता का एक प्रतिनिधिमंडल पीएम से मिला और अपने बच्चों को बाहर निकालने को कहा, तब भारत के प्रधानमंत्री ने रूस के राष्टपति और यूक्रेन के राष्टपति से बात की और साढ़े चार घंटे के लिए रूस और यूक्रेन का युद्ध रूक गया,यह आज का भारत है।

देश की सुरक्षा तथा ज्बाओं के सम्मान विषय पर रक्षामंत्री ने उल्लेख किया पहले की सरकारों में बंदूकें भी दूसरे देशों से खरीदी जाती थीं।2014 में केवल 200 करोड रुपए छोटे-छोटे नट बोल्ट का हम कुछ देशों को एक्सपोर्ट किया करते थे आज हमने 21000 करोड़ रूपये का एक्सपोर्ट दुनिया को दिया है।रक्षा क्षेत्र में भी भारत तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है।विपक्ष के बारे में उनका कहना रहा कि कांग्रेस की सरकार ने जो वादा किया वह पूरा नहीं किया। मैंने राजनीति जनता की आंख में आंख डालकर की है। जिन गरीबों को आवास नहीं मिला है उन्हें भी मिलेगाद्य पानी, शौचालय, मकान,फ्री राशन सुविधा तथा किसान सम्मान निधि के बारे में भी रक्षामंत्री ने सरकार पक्ष रखा।

श्रीसिंह ने सपा-कांग्रेस को लेकर बेबाकी राय रखी कहा कि पार्टी के लोग इन बातों का नहीं समझते। सपा खत्म हो रही है।सपा क्या है समाप्त पार्टी। कांग्रेस के बारे में भी 10 साल के बाद पूछेंगे तो डायनासोर की तरह यह भी समाप्त हो जाएगी। मोदी के नेतृत्व के नयी सोच के साथ नये भारत का निर्माण हो रहा है। भारत की लम्बी विकास की यात्रा में सभी सरकारों का योगदान है लेकिन हमारी सरकार में जो विकास की तेजी देखने को मिली वह कभी नहीं मिली। योजनाओं का लाभ जिन तक पहुंचना चाहिए उन तक पहुंचाने का प्रयास किया है।इस जनसभा में पार्टी उमीदवारो के अलावा सांसद, विधायकगण, एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महादेव मंदिर-जामा बनाम जामा मस्जिद मामले में 09को होगी सुनवाई



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।**गौरतलब होकि नगर में स्थित प्राचीन जामा मस्जिद शम्सी में मंडित होने का दावा करते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका पर सुनवाई विचारित है ।जिसमे लगातार तारीखें लग रही है।बुधवार को प्रतिपक्ष अधिवक्ता की अनुपस्थिति के कारण अब इस मामले में सुनवाई 09 मई को तय ह्हुई है।ध्यान दें कि इस याचिका में शहर स्थित जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायधीश मनीष कुमार की अदालत में इसे लेकर वाद चल रहा है। वादी पक्ष ने आदेश पत्र की नकल के लिए सवाल डाल रखा है, जिस कारण सोमवार के बाद बुधवार को भी सुनवाई नहीं होने से ही 09 मई मुकर्रर हुई है।

## बदायूं क्लब में बनी मतदान जागरूकता रंगोली को मिल रही सराहना



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत बदायूं क्लब के सौजन्य से कलाकार शमशाद द्वारा एक विशाल रंगोली बनवाई गयी है। इस जागरूकता कलाकारी को यहाँ क्लब में आने वाले जनमानस द्वारा खूब सराहा जा रहा है।इस बारे में क्लब सचिव डा अक्षत अशेष ने बताया कि हम सबको अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आस पास, रिश्तेदार, दोस्त को प्रेरित खरना चाहिए। व्यक्तिगत काम से ज्यादा आज आने वाले चुनाव में अपने कर्तव्य को समझते हुए मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।मतदान करना हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है ।





## जनपद में आज आएंगे सपा प्रमुख और गृहमंत्री

**बदायूं।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि 2 मई को प्रातः 11 बजे बदायूं लोकसभा के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में देश के गृहमंत्री अमित शाह इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज बहेड़ी मोड़ पर आएंगे। वह सपा के लोकसभा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## भारत के प्रथम शासक थे चन्द्र गुप्त मौर्य : डा.अरविंद



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** नगर के बाईपास मार्ग स्थित श्री बालाजी हेल्थ केयर सेंटर एवं ग्राम बिचौला में बुद्ध विहार पर बुधवार को मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम चन्द्रगुप्त मौर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

डा.अरविंद शाक्य और चेतराम मौर्य ने कहा कि भारत के सबसे महान शासकों में से चन्द्र गुप्त मौर्य को माना जाता है। वे मध्यकालीन भारत के सबसे शक्तिशाली सम्राटों में से एक थे। समाजसेवी चन्द्रशेखर उर्फ टिंकू शाक्य ने कहा कि चन्द्र गुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य के मार्गदर्शन में महान मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। जिस वंश में आगे चलकर अशोक महान जैसे महान शासक का जन्म हुआ था। चंद्रगुप्त मौर्य का साम्राज्य पूरे दक्षिण एशिया में फैला हुआ था, जो आधुनिक बंगाल से लेकर अफगानिस्तान तक, उत्तर भारत तक फैला हुआ था और साथ ही मध्य और दक्षिण भारत में भी फैला हुआ था। सिकंदर को हराकर उस पर विजयी श्री प्राप्त करने वाले चन्द्र गुप्त मौर्य ही थे।

इस मौके पर रामसिंह शाक्य, जयवीर शाक्य, नेत्रपाल सिंह कुशवाह, मदन शाक्य, सूरजपाल शाक्य, जगदीश चंद्र, रमेश शाक्य व देवदास शाक्य आदि मौजूद रहे।

## पुलिस प्रेक्षक ने एसएसपी संग जाकर देखे पोलिंग बूथ



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** मतदान की तिथि निकट आने से अब प्रशासनिक अमले में कई गुना अधिक सक्रियता बढ़ चुकी है। 07 मई से पूर्व सभी व्यवस्थाये चाक-चौबंद रखने को अधिकारी वर्ग लगातार भ्रमणशील है।इसी क्रम में डॉ0 प्रियंका नारनवरे पुलिस प्रेक्षक एवं एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत बीआईएमटी कॉलेज मे बने पोलिंग बूथ का बुधवार को निरीक्षण किया।इस अवसर पर स्थलीय सूक्ष्म अवलोकन के समय सम्बन्धित अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, सिविल लाइन एसओ समेत अन्य सभी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## तीसरी वर्षगांठ पर हर्षोल्लास से मना समारोह



अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** नगर के ए.आर. फिलिंग सेंटर पर तीसरी वर्षगांठ का समारोह भरपूर हर्षोल्लास एवं केक काटकर सम्पन्न हुई जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य य्पिस्थत रहे।बुधवार को ब्रांडेड पेट्रोल एक्स.पी. 95 के तीन वर्ष पूरे होने पर पंप परिसर में ग्राहकों के साथ पंप की डीलर राखी अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, लता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल एवं मुकुंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से केक काटकर वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर डीलर राखी अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, लता अग्रवाल, रोहित कुमार, गायत्री अग्रवाल, मुकुंद प्रकाश अग्रवाल तथा पेट्रोल पंप का स्टाफ राजदीप, लोकेश, राम खिलाड़ी, सुखवीर, किशोर, विजेंद्र, देवेंद्र, सोमपाल, शकील, शिशुपाल एवं सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

## क्रिकेट मैच में 1 रन से विजेता बना बाबा इलेवन

**बिसौली।** नगर के मदन लाल इंटर कॉलेज में स्व. योगेंद्र कुमार गर्ग उर्फ कुन्नू बाबू की स्मृति में एक फ्रेंडली मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्य ने किया। समापन पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव के द्वारा किया गया। मैच के आयोजक युवा नेता शिवम पंडित ने बताया बिसौली की दो टीमों ने भाग लिया। जिसमें मौसम बाबा इलेवन और शिवदयाल मौर्य इलेवन के बीच मैच खेला गया। शिवदयाल मौर्य इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। ज़वाब में बाबा इलेवन ने 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर टारगेट दिया। टीम के लकी, सुन्नू और अमन ने बैटिंग में अच्छा योगदान दिया। ज़वाब में शिवदयाल मौर्य इलेवन 8 विकेट खोकर 160 ही रन बना पाई। जिसमे शिव मौर्य ने शानदार 50 रन बनाए। इस तरह बाबा इलेवन ने 1 रन से ये मैच जीत लिया। अंपायर की भूमिका अनूप शर्मा और बॉबी ने निभाई।इस अवसर पर तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## प्रेक्षक ने बूथों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने बुधवार को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खैरी सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर मतदाताओं के लिए छाया का प्रबंध करने व पीने के पानी का प्रबंध करने के लिए कहा। उन्होंने बूथों पर कराई गई एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का निरीक्षण किया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों अनुरूप सभी अधिकारी कार्य करें व निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न कराए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल के बच्चों ने सीखे यातायात के नियम और संकेत

**बिल्सी।** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल (एफएसएस) में बुधवार को ट्रेफिक रूल्स एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों ने यातायात के नियम सीखे। शिक्षकों ने अलग-अलग माध्यमों से बच्चों को यातायात के नियमों को समझाया। डॉयरेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि यातायात नियम उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी कि सड़कें और इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों को पैदल यात्रियों के रूप में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है( एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, एकेडमिक हेड सीके शर्मा, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लोगों को अपने अधिकारों को एकत्र होकर संघर्ष करना होगा : हर्षवर्धन

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के सतीश ने कहा कि मई दिवस दुनिया के क्रांतिकारी मजदूरों की शहादत की गाथा है। इस दिन शिकागो की सड़कों पर मजदूर अमानवीय कार्यपरिस्थिति के खिलाफ उतर पड़े। मजदूर नेताओं ने नारा दिया कि आठ घंटे काम के, आठ घंटे आराम के, आठ घंटे मनोरंजन के। मजदूरों के इस नारे से अमेरिका का पूंजीपति वर्ग थर्रा गया। सैकड़ों मजदूर मारे गए। लेकिन आंदोलन जारी रहा। उन्होंने कहा आज हम सभी अपने मजदूर नेताओं को श्रद्धांजलि देते हैं और मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि लोगों को आज पुरानी अमानवीय स्थिति में धकेल दिया है। लोगों को अपने अधिकारों को एकत्र होकर संघर्ष करना होगा।

इस अवसर पर मुन्नालाल गुप्ता, मृदुल्लेश यादव, रामप्रकाश, अनिल कुमार, जगतपाल, टीटू पटेल, एम. अली सिद्दीकी, अरुण मिश्रा व विमलेश आदि मौजूद रहे।

## तप हमारी चेतना को निखारता है : मुनि शिवदत्त

**लोगों ने जैन मुनियों का किया स्वागत**



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** वैज्ञानिक जैन मुनि श्री निर्भय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज एवं हेमदत्त सागर महाराज का आगमन पदमांचल जैन मंदिर दिधौनी पर हुआ।

यहां मुनि शिवदत्त सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन में कहा कि असली तप हर परिस्थिति में मन की प्रसन्नता को बनाये रखना है। तप हमारी चेतना को निखारता है। कटु शब्द को सुनकर नजरअंदाज करना भी एक तप है। सुबह में जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा की जिसमें सांसारिक जीवन से वैराग्य के मार्ग को बताया गया। भगवान जिनेन्द्र से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को कलाकारों ने बेहद रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। जहां से वह नगर के मोहल्ला संख्या आठ स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और उसके बाद अमरचंद कोल्ड स्टोरेज स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं मोहल्ला संख्या दो श्री चंद्र प्रभु पंचायती दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन करें। इसके साथ ही संध्या में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या आरती व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# रोडवेज चौकी के सामने फ्रूट जूस कॉर्नर में आग लगी

**दुकान की आग बुझाते समय कई लोग बुरी तरह झुलस गये**







अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** बुधवार की अपराहन के समय थाना सिविल लाइन इलाके की रोडवेज पुलिस चौकी के सामने दो दुकानों में अकस्मात आग लग गयी। इस घटना के बाद आस-आस क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।आग बुझाने और दुकानों में रखे सामान को बचाते समय आधा दर्जन लोग आग से झुलसकर घयल हुए है।

गर्मी का सीजन शुरू होते ही जनपद भर में आकस्मिक अग्निकांड का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। इन घटनाओं की बाबत खेत-खलिहानो से लेकर शहरी दुकाने भी प्रभावित हो रही है।इसी तरह की घटना बुद्धवार को रोडवेज पुलिस चौकी के ठीक सामने कैलाश पान भंडार के फरूट-लस्सी कॉर्नर पर सार्वजनिक रही।जहां छोटा गैस सिलेंडर लीक होने से आग भड़क उठी।जिसके कारण दुकान का सामन जलने लगा।तह हवा के कारण चाय-लस्सी की दुकान में लगी आग पड़ौसी फल बिक्रेता के यहाँ पहुची थी जिससे इलाके में अफरातफरी मची रही।आस-पास के दुकानदारों में फायर बिग्रेड को सूचित करने के बाद निजी अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।आग बुझाते समय ओमप्रकाश पुत्र सोहनपाल गुप्ता,राहुल पुत्र हीरालाल, मोहित पुत्र सुरेश चंद और रजनीश समेत आधा दर्जन लोग आग से गम्भीर रूप से झुलस गये।जिन्हें प्रात्मिक उपचार दिलाया गया है।ध्यान रहे फिलहाल में ही शहर खैराती चौक स्थित गांधी ड्राई फरूट की दुकान व गौदाम में भी आग लगने लाखों का माल जलकर राख हो गया है।